● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 336, पृष्ठ : 08, सीधी, शनिवार, 25 जनवरी 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



झूठ बोलन के कंपटीशन में फस्ट आयेंगे केजरीवाल : नड्डा 5

रोहित वापसी के दूसरे प्रयास में भी फेल 6

## मध्यप्रदेश के 19 धार्मिक नगरों में शराबबंदी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक में ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। कैबिनेट ने 19 धार्मिक नगरों में शराबबंदी लागू करने का निर्णय लिया है। इसके तहत एक अप्रैल से अब प्रदेश के 19 धार्मिक नगरों में शराब नहीं बिकेगी और दुकानें बंद हो जाएंगी।

कैबिनेट के फैसले की जानकारी देते हुए सीएम डॉ. मोहन यादव ने बताया कि जो दुकानें बंद की जाएंगी, उन दुकानों को कहीं और शिफ्ट नहीं किया जाएगा। ये पूर्णत बंद होंगी। मप्र के शहरों के धार्मिक महत्व को देखते हुए ये फैसला लिया गया है। शहरों के अलावा नर्मदा नदी के दोनों किनारों के पांच-पांच किमी दायरे तक शराब दुकान नहीं रहेंगी।

महाकाल ज्योतिर्लिंग होने के कारण उज्जैन को शराब से मुक्त किया जा रहा है। यहां की सभी दुकानें बंद की जाएंगी। यानी कि उज्जैन नगर निगम का दायरा



### एक अप्रैल से उज्जैन-अमरकंटक-दतिया में नहीं बिकेगी मदिरा

शराब से मुक्त रहेगा। इसके अलावा अलग-अलग नगर पालिकाएं, नगर पंचायतें भी पूरी तरह से शराब मुक्त की गईं हैं।

मप्र के अन्य बड़े शहर जहां पर धार्मिक कारणों से शराबबंदी लागू की गई है, उनमें दतिया एक मुख्य जगह है। सीएम मोहन यादव ने कहा है कि पीतांबरा पीठ होने की वजह से यहां शराबबंदी की गई है। वहीं अमरकंटक नर्मदा का उद्गम स्थल है। इस वजह से यहां शराब प्रतिबंधित रहेगी। मंदसौर में पशुपतिनाथ का मंदिर है। यहां के लोग लंबे समय से शराब बंदी की मांग भी कर रहे थे। मैहर में माता शारदा विराजित हैं। इसके अलावा पन्ना में भी शराब पर रोक लगाई गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कैबिनेट की बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य शराबबंदी की दिशा में अपने कदम आगे बढ़ा रहा है। समय के साथ मध्यप्रदेश में भी पूर्ण शराबबंदी होगी। पर इसमें वक्त लगेगा। सीएम ने कहा कि राज्य धीरे-धीरे शराबबंदी की तरफ बढ़े, इस क्रम में आज एक नीतिगत निर्णय हुआ है। इस वजह से पहले चरण में 17 धार्मिक नगरों को चुना गया है। इनमें नगर पालिका, नगर परिषद और नगर पंचायत क्षेत्र शामिल हैं। इन दुकानों को दूसरी जगह शिफ्ट भी नहीं किया जाएगा। यह निर्णय हमेशा के लिए किया गया है।

इन शहरों के अलावा मंडला-नगर पालिका, मुलताई नगर पालिका, सलकनपुर ग्राम पंचायत, बरमानकलां, लिंगा, बरमानखुर्द ग्राम पंचायत, कुंडलपुर ग्राम पंचायत, बांदकपुर ग्राम पंचायत, ओंकारेश्वर नगर पंचायत, महेश्वर नगर पंचायत, मण्डलेश्वर नगर पंचायत, ओरछा नगर पंचायत, चित्रकूट नगर पंचायत शामिल हैं।

बरमानकलां, लिंगा और बरमानखुर्द तीनों गांव एक ही ग्राम पंचायत में आते हैं। वहीं कैबिनेट मीटिंग में ये भी तय हुआ कि विशेष परिस्थितियों में मंत्री भी अपने विभाग में ट्रांसफर कर सकेंगे।अप्रैल में ट्रांसफर पॉलिसी के लागू होने तक यह व्यवस्था लागू रहेगी।

## आप की सरकार बनने के बाद नई योजनाएं लागू करेंगे : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा वाले इतने गंदे लोग हैं, इन्होंने दिल्ली वासियों को तंग करने के लिए सीवर में सीमेंट के कट्टे डाल दिए। भाजपा वालों ने मुझे झूठे केस में जेल भेज दिया। वो मुझे गंदी-गंदी गालियां देते हैं।

भाजपा की 20 राज्यों में सरकार है, लेकिन कहीं भी 24 घंटे बिजली नहीं आती। दिल्ली देश में एकमात्र राज्य है, जहां 24 घंटे बिजली आती है। अगर चुनाव में गलत बटन दब गया तो दिल्ली में बिजली गुल हो जाएगी। ये बाते केजरीवाल ने उत्तम नगर में आयोजित चुनावी सभा में कही।

केजरीवाल ने कहा- अगर भाजपा को वोट दिया तो दिल्ली में सरकारी स्कूल खराब हो जाएंगे। मोहल्ला क्लीनिक बंद हो जाएंगे। भाजपा वाले महिलाओं के फ्री बस यात्रा के खिलाफ हैं, वो इसे बंद कर देंगे। दिल्ली में चुनाव की तारीखों का ऐलान हो चुका है। 5



फरवरी को सभी 70 सीटों पर वोटिंग होगी। वहीं, 8 फरवरी को नतीजे घोषित किए जाएंगे। दिल्ली विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 23 फरवरी को खत्म हो रहा है।

केजरीवाल ने उत्तम नगर में आयोजित चुनावी रैली में कहा- दिल्ली में आप की सरकार बनने के बाद महिला सम्मान निधि लागू करेंगे। स्टूडेंट्स को फ्री बस की सुविधा देंगे और मेट्रो में 50% कन्सेशन देंगे। किरायेदारों को फ्री बिजली-पानी देंगे। दो साल में हर घर में 24 घंटे साफ पानी देंगे।

पूर्व सीएम केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि विधानसभा चुनाव के डेढ़ महीने पहले से ही पैसे, जूते, चादर, साड़ियां, राशन और सोने की चेन बांटे जा रही है। दिल्ली वालों वो (भाजपा वाले) जो भी बांट रहे हैं उसे ले लेना, लेकिन वोट नहीं देना। ये बाते केजरीवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किए गए वीडियो मैसेज में कही।

केजरीवाल ने कहा- ये सब गाली-गलोच पार्टी के कुछ नेता बांट रहे हैं। उनके पास इतना पैसा कहाँ से आया? ये उनके भ्रष्टाचार का पैसा है, जो उन्होंने देश को लूटकर कमाया है। किसी को चुनाव आयोग का डर नहीं है। ये सब पुलिस के संरक्षण में हो रहा है। ये हमारे देश के लिए बहुत खतरनाक है।

केजरीवाल ने कहा- अगर आपने अपना वोट बेच दिया तो आपके लिए कोई स्कूल, अस्पताल और सड़कें नहीं बनाएगा। आप लोग इन गुंडों से मत डरना। आप अपनी मर्जी से वोट करना। अगर आपने इन पैसों के लिए देश और लोकतंत्र को बेच दिया तो आपको भगवान माफ नहीं करेगा।

## राजनाथ सिंह ने बीएसएस को दिखाई हरी झंडी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को नई दिल्ली के साउथ ब्लॉक से एसएएनजेएवाई बैटरफील्ड सर्विलांस सिस्टम (बीएसएस) को हरी झंडी दिखाई। एसएएनजेएवाई एक स्वचालित प्रणाली है जो सभी जमीनी और हवाई युद्धक्षेत्र सेंसरों से इनपुट को एकीकृत करेगा। यह युद्धक्षेत्र की पारदर्शिता को बढ़ाएगा और एक केंद्रीकृत वेब एप्लिकेशन के माध्यम से भविष्य के युद्धक्षेत्र को बदल देगा। यह सेना मुख्यालय और भारतीय सेना निर्णय समर्थन प्रणाली को इनपुट प्रदान करेगा। बीएसएस अत्याधुनिक सेंसर और



एनालिटिक्स से लैस है। यह विशाल भूमि सीमाओं की निगरानी करेगा, घुसपैठ को रोकेगा, खुफिया और निगरानी में शक्ति बढ़ाएगा। यह कमांडरों को नेटवर्क केंद्रित वातावरण में पारंपरिक और उप-पारंपरिक दोनों अभियानों में काम करने में सक्षम बनाएगा। रक्षा मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार, भारतीय सेना में इसका शामिल होना डेटा और नेटवर्क की दिशा में एक असाधारण छलांग है।

एसएएनजेएवाई को भारतीय सेना और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) द्वारा स्वदेशी और संयुक्त रूप से विकसित किया गया है। यह भारतीय सेना के ईयर ऑफ टेक्नोलॉजी एब्जॉप्शन में आत्मनिर्भरता की दिशा में काम कर रहा है।

## अमूल ने दूध की कीमत घटाई

**अहमदाबाद ।** अमूल दूध की कीमतों में कमी की गई है। गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर जयन मेहता ने इस बारे में जानकारी दी। कंपनी ने कहा है कि उसके तीन प्रमुख दूध उत्पादों की कीमत में एक रुपये की कमी की गई है। इनमें अमूल गोल्ड, अमूल टी स्पेशल और अमूल फ्रेश शामिल है। अमूल ब्रांड के तहत डेयरी उत्पादों की मार्केटिंग करने वाली कंपनी गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ (जीसीएम एमएफ) ने पूरे भारत में दूध की कीमतों में एक रुपये प्रति लीटर की कमी की है।

## केंद्रीय गृह मंत्री ने शरद पवार को घेरा

### कहा- उन्होंने अपने समय में सहकारिता के लिए कुछ नहीं किया

**नासिक।** महाराष्ट्र में सहकारिता सम्मेलन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एनसीपी (शरद) के प्रमुख शरद पवार पर हमला बोला। अमित शाह ने कहा कि शरद पवार जब कृषि मंत्री थे तो उन्होंने सहकारी क्षेत्र के लिए कुछ नहीं किया। जब वह दस साल तक केंद्रीय कृषि मंत्री थे, तो सहकारी क्षेत्र उनके अधिकार क्षेत्र में था। उन्होंने पूछा कि आपने इस क्षेत्र के लिए क्या किया है? क्या आपने कर मुद्दों का समाधान किया? कर के संबंध में मॉडल उपनियम बनाए? हमारी सरकार ने अलग सहकारिता मंत्रालय बनाकर कई काम किए। नासिक में सहकारिता सम्मेलन में



केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि जब विज्ञान सहकारी क्षेत्र का हिस्सा होता है तो कृषि लाभदायक हो जाती है। उन्होंने कहा कि विज्ञान के महत्व पर जोर देने के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री के प्रसिद्ध नारे जय जवान जय किसान में जय विज्ञान को शामिल किया था। सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि एक मजबूत सहकारी क्षेत्र सच्चे अर्थों में आत्मनिर्भर होने का प्रतीक है। इस क्षेत्र में 1.18 लाख सदस्य हैं और सरकार ने जुलाई 2021 में स्थापित सहकारिता विभाग के कई लंबित मुद्दों का समाधान किया है। उन्होंने कहा कि चीनी मिलों का 46,000 करोड़ रुपये का कर कम कर दिया गया है। नए गोदाम स्थापित किए गए हैं। ऋण वितरित किए गए हैं, इथेनॉल मिश्रण के लिए कदम उठाए गए हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में सहकारिता मंत्रालय ने जैविक फसल पैदा करने वाले किसानों की मार्केटिंग और पैकेजिंग के लिए भारत ऑर्गेनिक कोऑपरेटिव लिमिटेड की स्थापना की है।

## राजभवन का अवलोकन शनिवार को 2 बजे से और रविवार को 11 बजे से

**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल के निर्देशानुसार 24 से राजभवन 27 जनवरी 2025 तक खोला जा रहा है। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आगंतुकों के लिए संविधान की थीम पर आधारित प्रदर्शनी और ओपन थिएटर विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। ओपन थिएटर में अमर शहीदों की गौरव गाथा और विकास पर आधारित लघु फिल्मों का प्रदर्शन भी किया जाएगा। इस संबंध में राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री के.सी. गुप्ता ने बताया कि नागरिक 25 जनवरी से 27 जनवरी 2025 तक निर्धारित अवधि में राजभवन का अवलोकन कर सकेंगे।

## ममता कुलकर्णी ने लिया संन्यास, किन्नर अखाड़े में दीक्षा लेकर बनीं महामंडलेश्वर

**प्रयागराज।** जानी मानी फिल्म अभिनेत्री ममता कुलकर्णी ने कुंभनगरी में आकर संन्यास दीक्षा ली। दीक्षा के बाद उनका नाम बदलकर अब श्रीयामाई ममतानंद गिरि हो गया। संगम तट पर उनकी संन्यास दीक्षा हुई। शाम को किन्नर अखाड़ा आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी की अगुवाई में उनका पट्टाभिषेक हुआ। हर-हर महादेव के जयकारों के साथ उनको अखाड़े में धर्मध्वजा के नीचे पट्टाभिषेक कराया गया।

फिल्म अभिनेत्री ममता कुलकर्णी बृहस्पतिवार को ही महाकुंभ नगरी पहुंच गई थीं। शुक्रवार सुबह सेक्टर-16 संगम लोवर मार्ग स्थित किन्नर अखाड़ा शिविर पहुंची। इसके बाद उनकी संन्यास दीक्षा क्रियाएं आरंभ हुईं। आचार्य पुरोहित की मौजूदगी में करीब दो घंटे तक संन्यास दीक्षा हुई। श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर गर्गाचार्य मुचकुंद, पीठाधीश्वर स्वामी महेंद्रानंद गिरि समेत अन्य संतों की मौजूदगी में धार्मिक क्रियाएं हुईं।

## महाराष्ट्र की भंडारा आयुध फैक्टरी में विस्फोट, आठ की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के भंडारा जिले में शुक्रवार को सुबह एक आयुध फैक्टरी में विस्फोट हो गया। हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि सात को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आयुध फैक्टरी में विस्फोट के कारण एक इकाई की छत गिरने से कई श्रमिक फंस गए। उन्होंने विस्फोट में जान गंवाने वालों के लिए शोक भी व्यक्त किया।



केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि भंडारा में आयुध फैक्ट्री में बड़ा विस्फोट हुआ है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार इस घटना में 8 लोगों की मौत हो गई है और 7 लोग घायल हैं। गडकरी ने जान गंवाने वालों को एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ट्वीट किया कि घटना के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ। बचाव दल घटनास्थल पर तैनात हैं। प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि घटनास्थल पर जीवित बचे लोगों के लिए बचाव और चिकित्सा दल तैनात किए गए हैं।

इससे पहले जिलाधिकारी संजय कोल्टे ने बताया कि विस्फोट सुबह करीब साढ़े 10 बजे आयुध के परिसर में हुआ। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट जवाहर नगर इलाके में स्थित फैक्टरी के 'एलटीपी सेक्शन' में हुआ।

## राहुल गांधी की बढ़ सकती हैं मुश्किलें, मानहानि का परिवाद दायर



**हाथरस।** लोकसभा सांसद एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। हाथरस के एसीजेएम,एमपी एमएलए कोर्ट दीपक नाथ सरस्वती के न्यायालय में राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का परिवाद दाखिल हुआ है। न्यायालय ने परिवादी के बयानों के लिए 10 फरवरी की तिथि नियत की है। वरिष्ठ अधिवक्ता मुन्ना सिंह पुंढीर ने बताया कि थाना चंदपा क्षेत्र के गांव बूलगढ़ी निवासी रामकुमार उर्फ रामू की ओर से परिवाद दाखिल किया गया है। परिवाद में कहा गया है कि न्यायालय के निर्णय के बावजूद भी वोट की राजनीति के लिए जातिगत विद्वेष के लिए कारण 12 दिसंबर 2024 को शांत एवं स्थिर गांव बूलगढ़ी का दौरा कर मृत मुद्दे को पुनर्जीवित करने को जानबूझकर परिवादी को समाज में अपमानित एवं चारित्रिक हनन के उद्देश्य से अवैधानिक लाभ के लिए सोशल मीडिया पर अपने एक्स हेंडिल पर बयानबाजी की।

## कर्नाटक विश्वविद्यालय के प्रस्तावों को जल्द मंजूरी दे केंद्र : खरगे

**बंगलूरू।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पत्र लिखा। इसमें उन्होंने प्रधान से कर्नाटक केंद्रीय विश्वविद्यालय से संबंधित प्रमुख प्रस्तावों को जल्द से जल्द से मंजूरी देने का आग्रह किया। यहां खरगे जिन प्रस्तावों की बात कर रहें है वे अभी केंद्र सरकार के पास लंबित है। केंद्रीय मंत्री को लिखे पत्र में खरगे ने कहा कि यह विश्वविद्यालय कर्नाटका और उसके आसपास के क्षेत्रों के छात्रों के लिए शिक्षा का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। उन्होंने लिखा कि ये विश्व विद्यालय शैक्षिक असमानताओं को दूर करने और विकास के अवसरों को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाता है।

## वक्फ संशोधन बिल पर जेपीसी की बैठक में हंगामा

**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन विधेयक पर संसदीय समिति की बैठक शुक्रवार को जमकर हंगामा हुआ। हंगामा थमता न देख समिति के 10 सांसदों को पूरे दिन के लिए कमेटी की सदस्यता से निलंबित कर दिया गया। इससे पहले बैठक के दौरान विपक्षी सदस्यों ने दावा किया कि उन्हें मसौदा कानून में प्रस्तावित बदलावों का अध्ययन करने के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया जा रहा है। आज भाजपा सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली जेपीसी कश्मीर के मीरवाइज उमर फारूक के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल के विचार सुनने वाली थी। बैठक में हुए हंगामे के बाद वक्फ संशोधन विधेयक 2024 पर संयुक्त संसदीय समिति की बैठक से सभी 10 विपक्षी सांसदों को दिनभर के लिए निलंबित कर दिया गया। निलंबित विपक्षी सांसदों में कल्याण बनर्जी, मोहम्मद जावेद, ए राजा, असदुद्दीन ओवैसी, नासिर हुसैन, मोहिबुल्लाह, एम अब्दुल्ला, अरविंद सावंत, नदीमुल हक, इमरान मसूद शामिल हैं।

भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे ने विपक्षी सदस्यों को निलंबित करने का प्रस्ताव पेश किया। इसे समिति ने स्वीकार कर लिया। भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी ने दावा किया कि विपक्षी सदस्यों का आचरण शर्मनाक था, क्योंकि वे बैठक के दौरान लगातार हंगामा कर रहे थे और असंसदीय भाषा का इस्तेमाल कर रहे थे।

## सुप्रीम कोर्ट पहुंचा ईवीएम सत्यापन की मांग का मामला

### मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की पीठ करेगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** ईवीएम सत्यापन का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ इस मामले पर सुनवाई करेगी। दरअसल हरियाणा के पूर्व मंत्री और पांच बार के विधायक करण सिंह दलाल ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के सत्यापन के लिए स्पष्ट नीति बनाने की मांग वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर की है। शुक्रवार को यह याचिका जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस मनमोहन की पीठ के समक्ष पेश की गई, लेकिन पीठ ने कहा कि इस याचिका को मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की पीठ के समक्ष पेश किया जाए। जिसके बाद अब मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ईवीएम सत्यापन की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करेगी।

याचिका में कहा गया है कि ईवीएम सत्यापन को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म बनाम केंद्र सरकार मामले में जो आदेश दिया था, उनका पालन किया जाए। दलाल ने लखन कुमार सिंगला के साथ मिलकर ये याचिका दायर की है। दोनों को हालिया विधानसभा चुनाव में दूसरे सबसे ज्यादा वोट मिले थे। याचिकाकर्ताओं ने मांग की है कि चुनाव आयोग को निर्देश दिया जाए कि वे ईवीएम की बर्न्ट मेमोरी या ईवीएम के चार भागों



कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट, वीवीपैट और सिंबल लोडिंग यूनिट के माइक्रोकंट्रोलर की जांच कराने का प्रोटोकॉल लागू करें।

सुप्रीम कोर्ट ने बीते साल एडीआर बनाम केंद्र सरकार मामले में आदेश दिया था कि चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद दूसरे या तीसरे स्थान पर रहने वाले उम्मीदवार चुनाव परिणाम घोषित होने के सात दिनों के भीतर संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारी को ईवीएम सत्यापन की मांग का आवेदन दे सकते हैं। इसके तहत उस निर्वाचन क्षेत्र की पांच प्रतिशत ईवीएम मशीनों की बर्न्ट मेमोरी की जांच ईवीएम बनाने वाली कंपनी के इंजीनियर्स करेंगे। याचिकाकर्ता का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद चुनाव आयोग ने अभी तक इसे लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी नहीं किए हैं।

याचिकाकर्ता के अनुसार, चुनाव आयोग के मौजूदा एसओपी के अनुसार, ईवीएम की बेसिक जांच और मॉक पोल्स के ही निर्देश हैं, जबकि बर्न्ट मेमोरी की जांच को लेकर कोई निर्देश नहीं हैं। साथ ही वीवीपैट पर्चों की जांच में भी ईवीएम बनाने वाले इंजीनियर्स की बहुत कम संलिप्तता है। दलाल और सिंगला ने कहा है कि वे चुनाव नतीजों को चुनौती नहीं दे रहे हैं, बल्कि सिर्फ ईवीएम सत्यापन की प्रक्रिया को मजबूत करना चाहते हैं।

बर्न्ट मेमोरी का मतलब प्रोग्रामिंग चरण पूरा होने के बाद ईवीएम की मेमोरी को स्थायी रूप से लॉक करना होता है। इससे उसमें किसी भी तरह की छेड़छाड़ नहीं की जा सकती। श्रुङ्करू में इस्तेमाल होने वाले सॉफ्टवेयर को वन टाइम प्रोग्रामेबल/मास्कड चिप (हार्डवेयर) में बर्न किया जाता है। इससे उस प्रोग्राम को बदलकर दोबारा नहीं लिखा जा सकता।

# ठेकेदार की मनमानी, अवैध वसूली से व्यापारी परेशान

## सुरसुराई घाट मेला मे शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं,सुरक्षा व्यवस्था नजरअंदाज

### हाई टेंशन टावर के तार नीचे मेला, जनप्रतिनिधि व प्रशासन बेखबर

सिंगरौली



सरई अंचल सुरसुराई घाट गोपद के किनारे इन दिनों चल रहे मेला ग्राम पंचायत झारा में ठेकेदार द्वारा तय दर से बीस गुना अधिक तक राशि वसूल किए जाने का आरोप व्या पारियों व झूला वालों ने लगाया है। उनका कहना है कि शिकायत के बाद भी प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है इस अवैध वसूली के चलते मेले में अपनी दुकान लगाने वाले व्या पारी परेशान हो रहे हैं इस मकर संक्रांति में लगे मेलों में हजारों की संख्या में लोग आते हैं इन मेलों में कई दुकानें लगती हैं और लोग जमकर खरीदी करते हैं।

वहीं ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत झारा मेला वाली जगह लगभग 3 एकड़ शासकीय भूमि गोपद के किनारे 4 लाख 91हजार का टेंडर हुआ था जिसमें ग्राम पंचायत के खाते में राशि जमा की गई है। इतने बड़े मेले के आयोजन में ग्राम पंचायत व ठेकेदार द्वारा कहीं कोई व्यवस्था नहीं की गई है। मेले में हजारों लोग दूर-दराज से आते हैं पूरे मेले में कहीं शुद्ध पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं की गई है न हीं मेले में किसी प्रकार की सुरक्षा की व्यवस्था ग्राम पंचायत के द्वारा की गई है और जिस स्थान में मेला लग रहा है वहां पर आसपास की जगह को समतलीकरण नहीं किया गया ऊबड़ खावड जगह में मेला लगा हुआ है मेला जहां लगा हुआ है उसके ऊपर हाई टेंशन टावर लाइन की तारे निकली है। कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की संभावना है। जिसको प्रशासन को संज्ञान में लेना चाहिए ग्राम पंचायत झारा गोपद क्षेत्र में लगे इसी तरह के मेले में दूरदराज से आए दुकानदारों से स्थानीय ठेकेदार मनमानी वसूली कर रहे हैं। व्याकपारियों का आरोप है कि स्थानीय मेला कमेटी ने दर निर्धारित कर रखी है, जिसके अनुसार दुकानदारों से मेला शुल्कर की वसूली की जाती है। जिस ठेकेदार को मेला शुल्कर वसूली का ठेका दिया गया है, वह कर वसूली में मनमानी कर रहा है. ग्राम पंचायत की रसीद पर पंचायत की मोहर लगा कर निर्धारित से बीस गुना तक अधिक शुल्की वसूली की जा रही है। वहीं अन्य कई दुकानदारों ने ठेकेदार के वसूली का शिकायत किया दुकानदारों का आरोप है कि ग्राम पंचायत के अधिकारियों को शिकायत करने पर भी वे कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। अगर समय रहते इस अवैध वसूली पर रोक नहीं लगाई गई तो किसी दिन मेले में कोई बड़ा विवाद हो सकता है इस संबंध में जब झारा सरपंच से चर्चा की गई तो उन्होंमने स्वीरकार किया कि ठेकेदार द्वारा मनमानी कर अधिक राशि वसूल की जा रही है। क्योंकि मेरे पास भी एक झूला वाले ने शिकायत किया था कि ठेकेदार को इस वर्ष पंचायत की तरफ से कोई रसीद जारी नहीं की गई है। वह दुकानदारों को पुरानी व अन्य स्थारनों की रसीदें देकर अवैध वसूली कर रहा है। उन्होंवने इस संबंध में जांच करवाने की बात कही।

## कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिलाई मतदाता दिवस की शपथ



**सिंगरौली।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के प्रांगण में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मतदाता की इस आशय की शपथ दिलाई कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण अस्था रखते हुयें यह शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतंत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेगे तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांति पूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुयें निर्भिक होकर धर्म, वर्ग, जाति, सामुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेगें इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद झा, संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेंय सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नें सराफा व्यापारियो के साथ की बैठक

सिंगरौली



पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सराफा व्यापारी संघ के सदस्यों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा द्वारा किया गया। बैठक में नगर पुलिस अधीक्षक विंध्यनगर पीएस परस्ते, थाना प्रभारी बैढ़न निरीक्षक अशोक सिंह परिहार, थाना प्रभारी विंध्यनगर निरीक्षक श्रीमती अर्चना दिवेदी, चौकी प्रभारी जयंत उप निरीक्षक सुधाकर सिंह परिहार, उप निरीक्षक अमन वर्मा तथा सराफा व्यापारी संघ के अध्यक्ष एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के मुख्य बिंदु व्यापारियों को सलाह दी गई कि वे अपनी दुकानों में सुरक्षा हेतु प्रायवेट गार्ड रखें। दुकानों में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगवाने और दुकान के अंदर, बाहर तथा आसपास के क्षेत्रों में कैमरों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। सीसीटीवी कैमरों की नियमित जांच की अपील की गई।चोरी का सामान खरीदने या बेचने वालों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई। व्यापारियों को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को देने का निर्देश दिया गया।व्यापारियों को संघ के भीतर आपसी तालमेल बनाए रखने की सलाह दी गई। सभी सरकारी व प्रशासनिक निर्देशों का पालन करने की अपील की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा ने आश्वासन दिया कि पुलिस प्रशासन व्यापारियों की सुरक्षा के लिए हर संभव सहयोग करेगा। उन्होंने व्यापारियों से सुरक्षा के सभी उपाय अपनाने और सतर्क रहने की अपील की। सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सभी सराफा व्यापारियों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

## अवैध मादक पदार्थ स्मैक,गांजा की बिक्री करने वाले आरोपियों को न्यायालय ने 5-5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं अर्थदण्ड से किया दण्डित

**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के मार्गदर्शन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा के पर्यवेक्षण में आरोपियो को सजा मिली है। जानकारी मे बताया गया कि बीते 16 अप्रैल 2023 को थाना वैढन में उप निरीक्षक उदयचंद करिहार को मुखबिर से सूचना मिली कि सुनील कुमार साकेत, निवासी अमिलवान, थाना माड़ा का ग्राम बलियरी में किराए का मकान लेकर अवैध मादक पदार्थ स्मैक (हेरोईन) की बिक्री कर रहा है। मुखबिर की सूचना पर स्वतंत्र साक्षी कुंजलाल कुशवाहा एवं रामप्रताप वैश्य के साथ घटनास्थल बलियरी सनसाईन स्कूल के पास से अभियुक्त सुनील उर्फ बृजेश साकेत के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ स्मैक (हेरोईन) 40 ग्राम कीमती करीब 4,00,000 रूपए की तथा दो नग मोबाईल एवं इलेक्ट्रानिक तौल मशीन जप्त किया गया था। आरोपी द्वारा उक्त मादक पदार्थ (हेरोईन) को दीपक नाम के व्यक्ति से खरीदना बताया था।थाना बैढ़न में आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 605 / 2023 अन्तर्गत् धारा 8/21 एन.डी.पी.एस. एक्ट 1985 पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण में रेड की कार्यवाही उप निरीक्षक उदय सिंह करिहार द्वारा की गई व प्रकरण की विवेचना उप निरीक्षक नीरज सिंह चौहान द्वारा की गई थी। न्यायालय में प्रकरण की पैरवी एजीपी पीके नापित द्वारा की गई। न्यायालय वारीन्द्र कुमार तिवारी , विशेष न्यायाधीश, एनडीपीएस एक्ट 1985 जिला सिंगरौली द्वारा प्रकरण के विचारण उपरांत निर्णय 23 जनवरी को आरोपी सुनील कुमार उर्फ बृजेश साकेत पिता राधिका प्रसाद साकेत उम्र 21 वर्ष का अपराध प्रमाणित पाये जाने पर आरोपी को 5 वर्ष का सश्रम करावास एवं 35 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## पंद्रहवे राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन आज पीएम एक्सीलेंश कालेज बैढ़न में

**सिंगरौली।** पंद्रहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन 25 जनवरी को प्रात: 11 बजे जिला स्तरीय समारोह का आयोजन पी.एम. कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बैढ़न होगा। साथ ही जिले के सभी उपखंडों के मतदान केंद्रों में भी राष्ट्रीय मतदाता दिवस का कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के द्वारा युवा मतदाताओं को एपिक कार्ड का वितरण करने के साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जायेगा।

# गणतंत्र दिवस का फाइनल रिहर्सल सम्पन्न

## कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने खुली जिप्सी में सवार होकर परेड का किया निरीक्षण

**सिंगरौली।** जिलें में 26 जनवरी को आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह के तैयारियो के फायनल रिहर्सल का आज कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के द्वारा अवलोकन किया गया। एवं संबंधित अधिकारियों को तैयारियों के संबंध में आवश्य दिशा निर्देश दिए गयें।

कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने खुली जिप्सी में सवार होकर परेड का निरीक्षण करने के साथ परेड कमान्डरो का परिचय प्राप्त किया गया। तत्पश्चात समारोह के दौरान होने वाले



सास्कृतिक कार्यक्रमो आदि का अवलोकन किया गया। तथा तैयारियों के संबंध में आवश्य निर्देश दिए गये। फायनल रिहर्सल के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार बर्मा,नगर निगम आयुक्त डी.के शर्मा, डिप्टी कलेक्टर सौरभ मिश्रा, नंदन तिवारी, देवेन्द्र द्विवेदी,जिला शिक्षा अधिकारी एस.बी सिंह, डीपीसी आर.एल शुक्ला, तहसीलदार रमेश कोल सहायक आयुक्त जन जाति कार्य विभाग नीलकंठ मरकाम, कार्यपालन यंत्री विनोद चौरसिया, व्हीपी उपाध्यया, लोक सेवा प्रबंधक रमेश पटेल सहित थाना प्रभारी बैढ़न अशोक सिंह परिहार, थाना प्रभारी विन्ध्यनगर अर्चना द्विवेदी, थाना प्रभारी नवानगर ज्ञानेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# यातायात पुलिस द्वारा जगह-जगह पर आयोजित किया जा रहा जागरुकता कार्यक्रम

**सिंगरौली।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार 1 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक सड़क सुरक्षा माह आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में मनीष खत्री, पुलिस अधीक्षक सिंगरौली के निर्देशन शिव कुमार वर्मा एवं पीएस परस्ते (सीएसपी, विन्ध्यनगर) के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी यातायात व सिंगरौली पुलिस द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाये जा रहें 1



जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक सड़क सुरक्षा माह के अतंर्गत विशेष जागरुकता अभियान में आज 24 जनवरी 2025 को यातायात पुलिस सिंगरौली के द्वारा विभिन्न स्थानों में जाकर विशेष जागरुकता अभियान के दौरान पंपलेट वितरण, वाहनों में स्टीकर लगाना एवं हेलमेट सीटबेल्ट लगाने हेतु उद्बोधन देकर यातायात नियमों का पालन किये जाने हेतु अपील की गई। एवं हेलमेट एवं सीटबेल्ट न लगाने से होने वाली दुर्घटनाओं के बारे में समझाईस दी गई है। साथ ही लोगों को समझाईस दी गई की अधिकांश सड़क दुर्घटनायें तेज रफ्तार वाहन चलानें, गलत दिशा में वाहन चलाने एवं शराब पीकर वाहन चलानें से होती है। यातायात पुलिस द्वारा इस संबंध में सभी आमजन से शपथ भी दिलाई गई कि बिना हेलमेट दो पहिया वाहन न चलाएं सीट बेल्ट लगाकर ही चार पहिया वाहन चलाएं शराब पीकर वाहन ना चलाएं यातायात नियमों का पालन करें । यातायात पुलिस सिंगरौली आमजन से अपील करती है कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करें। चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अनिवार्य रूप से लगाएं। तेज रफ्तार और शराब पीकर वाहन न चलाएं। यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करें। सउनि सांवलिया रावत, सउनि सुरेश शुक्ला, , सउनि शिवेन्द्र सिंह, समस्त यातायात स्टॉप की सराहनीय योगदान रहा।

# महुआ गांव से 3 दिन पहले लापता हुई महिला सरई में मिली, निवास पुलिस ने किया दस्तयाब

**सिंगरौली।** निवास चौकी क्षेत्र अंतर्गत महुआ गांव से तीन दिन पहले लापता हुई महिला को सरई पुलिस ने दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की है. पुलिस को यह लड़की सरई में मिली है. इसके लिए पुलिस ने काफी प्रयास किए और कई दिन तक सरई सहित अलग-अलग क्षेत्रों पर पुलिस खोजबीन में लगी रही थी। पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन मे एवं एसडीओपी देवसर राहुल सैयाम के मार्गदर्शन मे चौकी प्रभारी उपनिरी. प्रियंका सिंह बघेल के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक द्वारा गुमशुदा की तलाश करने के संबंध में चलाये जा रहे अभियान के तहत निवास पुलिस टीम ने गुमशुदा महिला को सरई से दस्तयाब की गया।निवास चौकी प्रभारी प्रियंका सिंह ने बताया कि गुमशुदा महिला के पति मुनेश पांडे निवासी महुआ गांव कमरा टोला ने निवास चौकी में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। जिसकी पता तलाश के लिए पुलिस टीम गठित कर के गुमशुदा महिला रिंकी पांडे को सरई से दस्तयाब किया गया। गुमशुदा महिला रिंकी पांडे को दस्तयाब कर परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया गया।

उक्त कार्यवाही मे उनि प्रियंका सिंह चौकी प्रभारी निवास, सउनि त्रिवेणी पाल, ज्ञानेंद्र सिंह, सत्येंद्र पांडे, अमित कुमार, प्रभात दुबे, आरक्षक मोहित सिंह, विमला सिंह चौकी निवास का सराहनीय योगदान रहा।

# लम्बे समय से फरार स्थायी वारण्टी गिरफ्तार, 3 प्रकरण में जारी था वारण्ट, मोरवा पुलिस की कार्यवाही

## महज 6 घण्टे में 10 वर्ष के बालक को दस्तयाब कर परिजनो को सौंपा

**सिंगरौली।** मोरवा पुलिस ने फरार चल रहे आरोपियों की धरपकड़ अभियान चला रही है। इसी के चलते स्थाई वारंटी एवं 2 अन्य प्रकरण में गिरफ्तारी वारण्ट का आरोपी लंबे समय से फराब चल रहा था। जिसे मोरवा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं एक दूसरे मामले में 10 साल के गुमशुदा बच्चे को महज 6 घण्टे के भीतर दस्तयाब कर परिजनो को सौंपा हैं।

थाना प्रभारी मोरवा कपूर त्रिपाठी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि थाना मोरवा का निगरानी बदमाश सोनू बैगा निवासी कनुहड खनहना के पास देर रात देखा गया है। जिसका न्यायालय बैढन




द्वारा 3 अलग-अलग प्रकरणों में वारण्ट जारी किया गया था. आरोपी के खिलाफ धारा 458,427,327,323,346 भादवि. में स्थायी वारण्ट एवं 2 अन्य प्रकरण में गिरफ्तारी वारण्ट जारी किया गया था. सूचना पर थाना प्रभारी मोरवा ने पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देश पर एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मोरवा की के निगरानी में एक टीम रवाना कर निगरानी बदमाश स्थायी वारण्टी को गिरफ्तार किया गया। मोरवा थाना प्रभारी कपूर त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी साल 2018 में एक प्रकरण में फरार था। आरोपी सोनेलाल उर्फ सोनू पिता रामविचारे बैगा उम्र - 20 वर्ष निवासी कनुहड थाना मोरवा जिला सिंगरौली (म.प्र.) को कनुहड के जंगल से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया।उपरोक्त कार्यवाही में सउनि. उमेश अग्निहोत्री, अरुण सिंह, प्रआर संजय सिंह परिहार, अर्जुन सिंह, आर. राहुल साहू, आकाश पटेल, मआर. गायत्री उइके शामिल थे।मोरवा थाना प्रभारी कपूर त्रिपाठी ने बताया कि

मोरवा न्यू मार्केट निवासी व्यक्ति ने थाना आकर सूचना दी कि 10 वर्षीय बालक जो मानसिक रूप से थोडा अस्वस्थ है। बीएमएल पार्क मोरवा में खेल रहा था लेकिन अचानक कहीं गुम गया। जिस पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ अप.क्र. 38/25 धारा 137(2) ब्नहरू का अपराध पंजीबद्ध कर बालक की तलाश के लिए अलग अलग टीम बनाकर की जाने लगी। पुलिस की तत्परता से करीब 6 घण्टे के भीतर मोरवा पुलिस ने गुमशुदा बच्चे को ढूंढकर उसके परिजनो को सौंप दिया।

## कार्यालय नगर पालिक निगम सिंगरौली (म.प्र.)

क्रमांक/7723/राजस्व/2025 सिंगरौली, दिनांक 21.01.2025

### इश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारणको सूचित किया जाता है कि श्री शेखर कुमार सेठ पिता स्व. गोपाल सेठ निवासी पंडित का पुरावा दरियापुर साहूपूरी चंदौली (उ.प्र.) के द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि नगर पालिक निगम सिंगरौली के नवीन बस स्टैण्ड योजना में स्थित दुकान क्रमांक 70 साईज 10 X 06 फिट कुल क्षेत्रफल 60 वर्गफिट के लीज ग्रहिता मेरे पिता श्री गोपाल सेठ पिता स्व. मेवालाल सेठ निवासी पंडित का पुरवा दरियापुर साहूपूरी चंदौली उ.प्र. के नाम से आवंटित है। लीज ग्रहिता की दिनांक 15.09.2020 को मृत्यु हो चुकी है। मृत्यु के पश्चात उनके जायज वारिसगण क्रमश: श्रीमती सुमन सेठ (पुत्री) श्रीमती रेखा सोनी (पुत्री), श्रीमती लक्ष्मी देवी (पुत्री), श्री मंगल सेठ (पुत्र) श्री शेखर सेठ (पुत्र)जीवित संतान है। श्री शेखर कुमार सेठ पिता स्व. गोपाल सेठ अपने पिता के नाम से आवंटित उक्त दुकान का नामान्तरण अपने नाम से कराना चाहते है। उनके द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र नामान्तरण की कार्यवाही हेतु इस कार्यालय में विचाराधीन है।

अत: उपरोक्त नवीन बस स्टैण्ड योजना में स्थित दुकान क्रमांक 70 का नामान्तरण श्री शेखर कुमार सेठ पिता स्व. गोपाल सेठ निवासी पंडित का पुरावा दरियापुर साहूपूरी चंदौली (उ.प्र.) के नाम से किए जाने से यदि किसी का वैधानिक हक प्रभावित हो रहा हो तो इस विज्ञापन के जारी होने के 15 दिवस के अन्दर निगम कार्यालय में साक्ष्य सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समय-सीमा के पश्चात प्राप्त आपत्तियां विधि मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त
नगर पालिक निगम
सिंगरौली

# अपंग भूतपूर्व सैनिक को मध्यप्रदेश सरकार द्वारा सहायता राशि दी गई

## चुरहट में भूतपूर्व सैनिक सम्मेलन का सफल आयोजन

सीधी

ग्रुप कैप्टन सिद्धार्थ श्रीवास्तव (से.नि.) जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सीधी द्वारा अपंग भूतपूर्व सैनिक सुरेन्द्र प्रताप सिंह ग्राम सांडा तहसील चुरहट के घर जाकर मध्य प्रदेश सरकार सरकार द्वारा दी जाने वाली अपंग सहायता राशि 40 हजार रुपए दिया गया। तत्पश्चात जिला सैनिक अधिकारी ने उपखंड अधिकारी (एसडीएम) चुरहट शैलेश द्विवेदी तथा तहसीलदार राजेश शुक्ल से मीटिंग करके भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण हेतु प्रशासन द्वारा उनकी समस्याओं का संवेदनशीलता एवं सहिष्णुता की साथ त्वरित समाधान करने हेतु आग्रह किया।

जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सीधी द्वारा नगर परिषद चुरहट के सम्मेलन कक्ष में चुरहट के भूतपूर्व सैनिकोध्सैनिक विधवाओ, वीर नारियो तथा भूतपूर्व सैनिको के परिजनो के कल्याण हेतु भूतपूर्व सैनिक सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में 14 भूतपूर्व सैनिक, 01 पूर्व सैनिक विधवा सम्मिलित हुई। सम्मेलन में सैनिक कल्याण से जुड़े हुये विभिन्न मुद्दो, समस्याओ तथा उनके शीघ्र समाधान हेतु किए जा रहे प्रयासो पर चर्चा एवं संवाद हुआ। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने भूतपूर्व सैनिको ध्सैनिक विधवाओ/वीर नारियो एवं पूर्व सैनिको के आश्रितों द्वारा उठाई गई समस्याओ का उचित निराकरण एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु आश्वासन दिया एवं समुचित आदेश दिये। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने केंद्रीय सैनिक बोर्ड, भारत सरकार एवं राज्य सैनिक बोर्ड, म.प्र. सरकार द्वारा दी जानी वाली अनुदान सहायता, विभिन्न योजनाओ एवं स्कीम/सुविधाओ के बारे में अवगत कराया तथा सूचित किया कि निकट भविष्य में मुख्यमंत्री जी के आदेश पर म.प्र. सरकार द्वारा अनुदान राशि और बढ़ाई जाएगी। उन्होने सूचित किया कि म.प्र. सरकार ने आदेश दिया है कि समग्र पोर्टल पर पंजीयन एवं ई-केवाईसी अनिवार्य है। मृत्यु अनुदान, छात्रवृत्ति एवं इस कार्यालय में पंजीयन करवाने के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य है।




सभी भूतपूर्व सैनिको को बताया गया कि उन्हे अपने सभी दस्तावेज एवं परिवार का डाटा, जन्म दिनांक नाम इत्यादि रिकार्ड आफिस में अपडेट करना आवश्यक है एवं आधार/पैन के इत्यादि ई-केवाईसी के साथ जमा करना आवश्यक है। अन्यथा अनुदान या पेंशन बाधित हो सकता है। विभिन अनुदान राशियो में किए गए बढ़ोत्तरी एवं नवीनतम रेट भी सभी उपस्थित व्यक्तियों को सूचित किया गया। संचालनालय सैनिक कल्याण मध्यप्रदेश द्वारा प्रेषित भूतपूर्व सैनिको एवं उनके आश्रितों के लिए उपयोगी जानकारी की सूचना पुस्तिका भी बांटी गई एवं सभी के प्रश्नो का समुचित उत्तर दिया गया। उन्होने बताया कि भारत सरकार एवं म.प्र. सरकार निरंतर ही भूतपूर्व सैनिको के कल्याण हेतु संवेदनशील है एवं कार्य कर रही है।

ग्रुप कैप्टन सिद्धार्थ श्रीवास्तव (से.नि.) जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सीधी ने सभी उपस्थित जनों का हार्दिक धन्यवाद दिया एवं उन्हे आश्वस्त किया कि जिला सैनिक कल्याण कार्यालय सीधी सभी भूतपूर्व सैनिको, वीर नारियो, सैनिक विधवाओ एवं सैनिको के परिजनो की सेवा के लिए सर्वदा कार्यरत है एवं उनके कल्याण हेतु निरंतर कार्य करने को कटिबद्ध है।

# कमिश्नर ने की रेलवे भू-अर्जन के प्रगति की समीक्षा

## चिन्हांकित मुद्दों को प्राथमिकता पर निराकृत करायें: कमिश्नर

सीधी

कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद द्वारा रेलवे भू-अर्जन के प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होने उपमुख्यमंत्री महोदय की समीक्षा बैठक में चिन्हांकित मुद्दो को प्राथमिकता पर निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। कमिश्नर ने कहा कि राजस्व एवं रेलवे विभाग के अधिकारी निरंतर संवाद बनाकर रखें तथा रेलवे लाइन निर्माण में आ रही कठिनाइयों को प्राथमिकता पर निराकृत करायें। रीवा-सीधी-सिंगरौली रेलवे लाइन का निर्माण शासन की प्राथमिकताओं में सम्मिलित है। इससे जुड़े प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करायें।



कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने बताया कि रेलवे द्वारा प्रगतिरत कार्यों के संबंध में जानकारी प्रतिदिन गूगल शीट के माध्यम से प्राप्त की जा रही है तथा उनके द्वारा व्यक्त की जा रही कठिनाइयों को प्राथमिकता पर निराकृत किया जा रहा है। कलेक्टर ने उपखण्ड अधिकारियों तथा तहसीलदार को निर्देशित किया है कि छूटे हुए परिसंपत्तियों का मूल्यांकन कर भुगतान के प्रस्ताव भेजना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर कमिश्नर द्वारा मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान तथा राजस्व महाअभियान के प्रगति की भी समीक्षा की गई। उन्होने उक्त अभियान के संबंध में जनकारियां संबंधित पोर्टल में अद्यतन करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में अपर कलेक्टर अंशुमन राज, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, सिहावल एसपी मिश्रा, तहसीलदार रामपुर नैकिन नितिन झोड़ एवं चुरहट राकेश शुक्ला उपस्थित रहें।

# गणतंत्र दिवस समारोह का अंतिम रिहर्सल सम्पन्न



**सीधी।** गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह में शामिल परेड तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की फुल ड्रेस रिहर्सल शुक्रवार को छत्रसाल स्टेडियम सीधी में अपर कलेक्टर अंशुमन राज तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव की उपस्थिति में की गयी। गणतंत्र दिवस समारोह के मिनट टू मिनट कार्यक्रम के आधार पर सभी गतिविधियां की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए।

इस दौरान उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मिनी अग्रवाल, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. प्रेमलाल मिश्र, जिला परियोजना समन्वयक राजेश तिवारी सहित संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बैंकिंग प्रक्रिया को सरल बनाने हेतु दो दिवसीय बैंक सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

सीधी

कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी अंशुमन राज के सफल मार्गदर्शन एवं जिला परियोजना प्रबंधक पुष्पेंद्र कुमार सिंह के निर्देशन में विकासखंड मझौली एवं कुसमी अंतर्गत कार्यरत समस्त बैंक सखी को दिनांक 21 जनवरी से 22 जनवरी 2025 तक बैंकिंग प्रक्रिया के संबंध में दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।

स्व सहायता समूहों एवं उनके सदस्यों को वित्तीय समावेशन वह बैंक ऋण से लाभ दिलाए जाने के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य रूप से सीसीएल फाइल तैयार करने, ऋण वितरण के संबंध में एनपीए समाप्त करने,



व्यक्तिगत उद्यम हेतु ऋण दिलवाने के बारे में एवं सामाजिक सुरक्षा बीमा के बारे में बिंदुवार विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही बैंक लिंकेज के संबंध में क्षेत्र स्तर पर एवं बैंक स्तर पर आ रही समस्याओं के बारे में बैंक सखी से जानकारी ली गई एवं उसके समाधान के संबंध में चर्चा की गई। इसके साथ ही समूह सदस्यों एवं संस्थाओं द्वारा दिए गए आरएफ सीआईएफ के वितरण, वसूली एवं ब्याज दर के संबंध में भी जानकारी दी गई।

बैंक सखी स्व सहायता समूह एवं बैंक के बीच समन्वय कर ऋण वितरण की प्रक्रिया को सरल बनाती हैं, जिससे स्व सहायता समूह सदस्य को ऋण प्राप्त करने मे परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता है और आसानी से उन्हें बैंक ऋण प्राप्त हो जाता है। बैंक सखी के माध्यम से स्वसहायता समूह की सदस्य अपने परिवार के जीविकोपार्जन के लिए संवाहनीय आजीविका का संचालन कर पाती हैं।

उपरोक्त प्रशिक्षण जिला मिशन स्टाफ से अजय सिंह जिला प्रबंधक-सूक्ष्म वित्त एवं मध्यांचल ग्रामीण बैंक मझौली से धनन्जय जी शाखा प्रबंधक द्वारा दिया गया। विकासखंड स्तर से चंद्रकांत सिंह विकासखंड प्रबंधक मझौली, अरुण गौतम, सुन्दर लाल तिवारी सहायक विकास प्रबंधक उपस्थित रहे।

# सी.एम.राइस विद्यालय रामपुर नैकिन में हुआ विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर

सीधी

प्रधान एवं जिला न्यायाधीश सीधी श्री प्रयागलाल दिनकर के मार्गदर्शन में श्री मनीष कुमार श्रीवास्तव द्वितीय जिला न्यायाधीश एवं श्रृंखला न्यायालय रामपुर नैकिन तथा श्री परमानंद सनोडिया व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड रामपुर नैकिन, श्री अरहम खान व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड रामपुर नैकिन की अध्यक्षता में गुरुवार दिनांक 23.01.2025 को सी.एम.राइस विद्यालय रामपुर नैकिन जिला सीधी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में श्री मनीष कुमार श्रीवास्तव जिला न्यायाधीश द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को पास्को अधिनियम, किशोर न्याय अधिनियम, घरेलू हिंसा अधिनियम एवं अन्य कानूनी जानकारी के साथ-साथ बच्चों को नैतिकता की भी जानकारी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड सीधी श्री परमानंद सनोडिया ने म.प्र. राज्य विधिक सेवा द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी के साथ शासन की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।



उक्त शिविर में विद्यालय के प्राचार्य श्री बद्री प्रसाद शर्मा विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका पैरालीगल वॉलेंटियर श्री रामनिवास सोनी तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम का में विद्यालय के प्राचार्य श्री बद्री प्रसाद शर्मा द्वारा समस्त अतिथियों का आभार प्रकट किया गया।

# प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस में राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन

**सीधी।** प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय महाविद्यालय सीधी में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अन्तर्गत शुक्रवार दिनांक 24.01.2025 को राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया गया। बालिकाओं के अधिकार प्राचीन एवं वर्तमान परिदृश्य में संगोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में डॉ अरूणा सिंह, डॉ विभा कुशवाहा, डॉ दिवाकर सिंह, डॉ अनिल कुमार सिंह, डॉ आर बी एस चौहान, डॉ अभिषेक पाण्डेय, डॉ राम नारायण स्वर्णकार एवं छात्र-छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त किए। समाज के उत्थान में बालिकाओं की भूमिका विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में 21 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रथम स्थान कु अंजली सिंह बीए तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान रजनीश कुमार साहू बीएससी प्रथम वर्ष, तृतीय स्थान प्रियंका यादव बीएससी प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम डॉ राम नारायण स्वर्णकार नोडल अधिकारी भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ, डॉ राकेश कुमार प्रजापति सहायक नोडल अधिकारी तथा मनोज कुमार प्रजापति लिपिक के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।


## पश्चिम मध्य रेल

**कार्यालय कलेक्टर जिला सीधी एवं पदेन उप सचिव म0प्र0 शासन राजस्व विभाग**

क्रमांक 121 / भू-अर्जन / 2025 **अधिसूचना** सीधी, दिनांक 17/01/25

चूँकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इस संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (5) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (5) में उसके सामने दिए गए सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है। अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा - 11 की उपधारा (1) के उपबंधो के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि कोई भी व्यक्ति इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इस अधिनियम के अधीन कार्यवाहियों के पूरा हो जाने तक अधिसूचना में विर्निदिष्ट भूमि का कोई संव्यवहार नही करेगा, या कोई संव्यवहार नही करायेगा अथवा ऐसी भूमि पर कोई विलंगम सृजित नही करेगा। राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने (4) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में धारा - 12 द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने हेतु प्राधिकृत करता है। यह परियोजना आम जनता के व्यापक एवं दूरगामी हितों से सम्बद्ध है तथा यह कार्य ललितपुर - सिंगरौली रेल लाईन निर्माण कार्य का भाग है, जो भारत सरकार द्वारा मूलतः वर्ष 1997-98 में स्वीकृत हुआ है। यह अर्जन की कार्यवाही रेखिक दिशा में हो रही है तथा इसमें क्षेत्र में परिवारों का विस्थापन कम संख्या में होगा। अतः इसमें उपर्युक्त कारणों से इसमें सामाजिक समाघात के निर्धारण अध्ययन की आवश्यकता प्रतीत नही होती है।

-: अनुसूची 1 :-

(1) भूमि का वर्णन :- (क) जिलाः सीधी (ख) तहसीलः गोपद बनास (ग) ग्राम : मड़वा (घ) पटवारी हल्का का नाम व नम्बर : मड़वा (ड.) निजी भूमि का अर्जित क्षेत्रफल : रकबा 0.7450 हे0

| क्र0 | खसरा नम्बर | अर्जन हेतु प्रस्तावित रकबा हे0 में | क्र0 | खसरा नम्बर | अर्जन हेतु प्रस्तावित रकबा हे0 में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 900 | 0.0950 | 4 | 904 | 0.0500 |
| 2 | 901 | 0.1100 | 5 | 903 | 0.1200 |
| | | | 6 | 951 | 0.3600 |
| 3 | 902 | 0.0100 | कुल योग | | 0.7450 |

क्रमांक-123/भू-अर्जन/2025 -: अनुसूची 2 :-

(1) भूमि का वर्णन :- (क) जिला : सीधी, तहसील : गोपद बनास (ग) ग्राम : मुगवारी (घ) पटवारी हल्का का नाम व नम्बर : मड़वा (ड.) निजी भूमि का अर्जित क्षेत्रफल : रकबा 0.4920 हे0

| क्र0 | खसरा नम्बर | अर्जन हेतु प्रस्तावित रकबा हे0 में | क्र0 | खसरा नम्बर | अर्जन हेतु प्रस्तावित रकबा हे0 में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 27 | 0.0800 | 6 | 30 | 0.0040 |
| 2 | 28 | 0.1000 | 7 | 23/1/1 | 0.0600 |
| 3 | 29 | 0.0600 | 8 | 20/1/2/1 | 0.0180 |
| 4 | 24/1 | 0.1440 | 9 | 29/282 | 0.0200 |
| 5 | 32/1 | 0.0060 | कुल योग- | | 0.4920 |

क्रमांक-125/भू-अर्जन/2025 -: अनुसूची 3 :-

(1) भूमि का वर्णन :- (क) जिलाः सीधी (ख) तहसीलः गोपद बनास (ग) ग्रामः उपनी (घ) पटवारी हल्का का नाम व नम्बरः- उपनी (ड.) निजी भूमि का अर्जित क्षेत्रफलः रकबा 0.1260 हे0

| क्र0 | खसरा नम्बर | अर्जन हेतु प्रस्तावित रकबा हे0 में | क्र0 | खसरा नम्बर | अर्जन हेतु प्रस्तावित रकबा हे0 में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 190/1 | 0.0370 | 5 | 153/1/1 | 0.0150 |
| 2 | 144/1 | 0.0050 | 6 | 180/2/1/1 | 0.0220 |
| 3 | 143/1/1 | 0.0200 | 7 | 101/1 | 0.0120 |
| 4 | 153/1/2 | 0.0150 | कुल योग- | | 0.1260 |

क्रमांक-127/भू-अर्जन/2025 -:अनुसूची 4 :-

(1) भूमि का वर्णन :- जिला :सीधी (क) (ख) तहसीलः गोपद बनास (ग) ग्राम : टेढवाटोला (घ) पटवारी हल्का का नाम व नम्बर : मड़वा (ड.) निजी भूमि का अर्जित क्षेत्रफल : रकबा 0.1900 हे0

| क्र0 | खसरा नम्बर | अर्जन हेतु प्रस्तावित रकबा हे0 में | क्र0 | खसरा नम्बर | अर्जन हेतु प्रस्तावित रकबा हे0 में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 25/1 | 0.0800 | | | |
| 2 | 26/1/1 | 0.1000 | 6 | 99/2 | 0.0100 |
| 3 | 26/1/2 | | | | |
| 4 | 26/2 | | | | |
| 5 | 26/3 | | कुल योग | | 0.1900 |

धारा -12 के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारीः अनुसूची 1, 2, 3 एवं 4 के लिएः उप मुख्य अभियन्ता, (निर्माण) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर। सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णनः अनुसूची 1, 2 एवं 4 के लिएः रीवा-सीधी सिंगरौली नई बडी रेल लाईन परियोजना निर्माण हेतु एवं अनुसूची 3 के लिएः रीवा-सीधी सिंगरौली नई बडी रेल लाईन परियोजना निर्माण हेतु रोड क्रासिंग के लिए ओवर ब्रिज एवं अन्डर ब्रिज के पहुंच मार्ग (एप्रोच रोड) बनाने हेतु

भूमि का नक्शा (प्लान) उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास के कार्यालय में देखा जा सकता है

(स्वरोचिष सोमवंशी) कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव म.प्र. शासन, राजस्व विभाग

म.प्र. राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


# गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह में करेंगे ध्वजारोहण

## प्रभारी मंत्री जायसवाल का दौरा कार्यक्रम जारी

**सीधी।** जिला सत्कार अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री दिलीप जायसवाल का दिनांक 25.01.2025 को सायं 7.30 बजे सीधी सर्किट हाउस आएंगे तथा रात्रि विश्राम करेंगे। प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल दिनांक 26.01.2025 को सुबह 8.50 बजे सर्किट हाउस से छत्रसाल स्टेडियम के लिए प्रस्थान करेंगे। वह सुबह 9 बजे छत्रसाल स्टेडियम में 76वें गणतंत्र दिवस कार्यक्रम पर ध्वाजारोहण करेंगे एवं मुख्यमंत्री जी का संदेश वाचन करेंगे। कार्यक्रम उपरांत प्रभारी मंत्री 12 बजे मानस भवन में प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। इसके पश्चात मंत्री श्री जायसवाल 12.30 बजे नवीन पुलिस सीसीटीव्ही कंट्रोल रूम का लोकार्पण करेंगे।

## वरिष्ठ पत्रकार भैयालाल शुक्ला का निधन

**सीधी।** वरिष्ठ पत्रकार भैयालाल शुक्ल का आज सायं दुखद निधन हो गया। बयासी वर्षीय शुक्ला जी पिछले कई वर्षों से बीमार थे। वे हनुमना (रीवा) के मूल निवासी थे। सीधी जिला में शासकीय सेवारत थे। सेवानिवृत्ति के बाद पत्रकारिता में सक्रिय रहे। अनेक समाचार पत्रों से जुड़े रहे, बाद में खुद का गायत्री समाचार प्रकाशित करवाते थे। जब तक चलायमान रहे उनका जनसंपर्क व्यापक था। पत्रकारिता जगत में उनकी कमी अखरती रहेगी। शहर के वरिष्ठ पत्रकारों ने उन्हें शोक श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# शासकीय महाविद्यालय मड़वास में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**सीधी।** शासकीय महाविद्यालय मड़वास में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत त्रैमासिक गतिविधियों के तहत ''राष्ट्रीय बालिका दिवस'' के कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आई.पी.प्रजापति के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके बाद महाविद्यालय की छात्राओ का सम्मान महाविद्यालय की डॉ. संगीता मिश्रा और डॉ. ज्योति रजक के द्वारा अक्षत तिलक लगाकार और पुष्प वर्षा कर के ष्बालिका पूजनष् किया गया। तत्पश्चात स्वागत भाषण और विषय प्रवर्तन डॉ. सौरभी गुप्ता के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मड़वास की प्राचार्या श्रीमती मंजू सिंह ने कहा कि बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए। मुख्य वक्ता के रूप में महिला बाल विकास विभाग की मड़वास की पर्यवेक्षक श्रीमती मंजू मिश्रा ने बालिकाओं के अधिकारों के सम्बंध में प्राचीन एवं वर्तमान परिदृश्य के परिप्रेक्ष्य में अपनी बात रखी। साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही बालिका कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। सह वक्ता के रूप में सुश्री ऋशा सिंह शिक्षिका शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मड़वास उपस्थित थी। महाविद्यालय की छात्रा कु शालिनी साकेत द्वारा बालिका गीत प्रस्तुति किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग की डॉ. अमिता खरे ने बालिकाओं के शैक्षिक अधिकारों पर अपनी बात कही। कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. आकांक्षा मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी डॉ. दीपक अग्निहोत्री ने किया। संगोष्ठी के कार्यक्रम के साथ ही ''समाज के उत्थान में बालिकाओं की भूमिका'' विषय पर निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कुमारी रूबी साहू, द्वितीय स्थान पर शैलजा शुक्ला एवं तृतीय स्थान पर कुमारी चंचल सेन रही। सभी विजयी प्रतिभागियों को पारितोषिक वितरण किया गया।



कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ कमलेश जायसवाल, डॉ. लक्ष्मीकांत कुशवाहा, डॉ.राजेश पटेल, डॉ.पंकज मिश्र, डॉ अनुराग तिवारी, प्रो. प्रवीण कुमार, डॉ सुरेंद्र गुप्ता, श्री सुंदर लाल प्रजापति, श्री अनिल केवट सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## संपादकीय

### डिजिटल ठगी का एक और खुराफाती तरीका आया सामने

आम जीवन में आधुनिक तकनीकी के प्रसार से कई स्तर पर लोगों को सुविधा होने के दावे तो किए जा रहे हैं, लेकिन सच यह है कि इसके साथ-साथ जोखिम का दायरा भी तेजी से फैल रहा है। खासकर खरीद-फरोख्त और पैसों के लेनदेन में जिस तरह के फर्जीवाड़े सामने आ रहे हैं, उसे देखते हुए यह चिंता अब बढ़ रही है कि इंसान की जिंदगी को आसान बनाने वाली ये तकनीकें क्या ठगी का हथियार और लोगों के लिए जोखिम की वजह भी बन रही हैं। पिछले कुछ वर्षों के दौरान किसी सामान की खरीदारी या अन्य किसी सेवा के बदले पैसा चुकाने के लिए आनलाइन माध्यम का उपयोग तेजी से बढ़ा है। इसमें एक मुख्य प्रचलित तरीका 'क्यूआर कोड' को 'स्कैन' करना है, जिसके जरिए लोग अपने खाते से पैसा दूसरे के खाते में भेज देते हैं। देखा जाए, तो यह पैसे के लेनदेन का एक आसान तरीका लगता है। मगर अब इसमें जिस तरह के फर्जीवाड़े सामने आने लगे हैं, उससे यह साफ है कि यह माध्यम भी अब पूरी तरह सुरक्षित नहीं रह गया है। दरअसल, मध्यप्रदेश के खजुराहो में कुछ जालसाजों ने कई दुकानों के बाहर लगे 'क्यूआर कोड' को चुपके से अपने 'क्यूआर कोड' से बदल दिया और ग्राहकों द्वारा दुकानदारों को भेजे गए पैसे अपने खाते में ले लिया। गनीमत है कि मामला सामने आने के बाद पुलिस ने खोजबीन शुरू की और आरोपी पकड़ में आ गया। देखने में यह ठगी की कोई छोटी घटना लगती है, मगर इससे पता चलता है कि खरीदारी या पैसों के लेनदेन के मामले में जिस डिजिटल माध्यम को सबसे सुरक्षित और पारदर्शी बताया जा रहा है, उसमें किस स्तर के खतरे हैं। इसके अलावा, 'डिजिटल अरेस्ट' या ओटीपी मंगवा कर बैंक खाता खाली कर देने के मामले आए दिन सामने आ रहे हैं। जैसे-जैसे बाजार में खरीदारी या किसी अन्य मद में भुगतान करने के लिए 'क्यूआर कोड' या डिजिटल माध्यम का विस्तार हो रहा है।

# अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंपः सर पर ताज के साथ कांटे भी अनेक

अशोक भाटिया

राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के साथ ही जिस तरह डोनाल्ड ट्रंप ने आनन-फानन अनेक कड़े फैसले और एलान कर डाले, उससे स्वाभाविक ही दुनिया भर में तरह-तरह के कयास लगाए जाने लगे। दुनिया में जहां बर्लिन की दीवार गिरी वहां फिर से नई दीवार बनाने की बात होने लगी. ओबामाकेयर विश्व स्वास्थ्य संगठन से बाहर निकलने की चर्चा थी, जहां पर्यावरण संकट के खिलाफ वैश्विक लड़ाई सामने आई थी, पेरिस समझौते से हटने की घोषणा की जा रही थी। बारह साल पहले, जहां संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति ने अपने पहले भाषण में ट्रांसजेंडर लोगों के अधिकारों का सम्मान किया, अमेरिका में अब ट्रांसजेंडरों के लिए कोई जगह नहीं है। कहा गया कि यह नया अमेरिका है। अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शपथ लेने के बाद बोल रहे थे और उनके सामने बैठे बराक ओबामा समेत कई लोगों ने इसे हताश होकर सहा। ट्रंप ने 2016 में आकर दुनिया को चौंका दिया था। हालांकि अगले चुनाव में जो बाइडेन को चुनकर अमेरिका ने अपनी गलती सुधारी। हार के बाद उम्मीद की जा रही थी कि हिंसा भड़काने, हार नकारने वाले और नंगेपन पहनने वाले आरोपियों को अमेरिका के राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ने तक नहीं दिया जाएगा। दरअसल, रिपब्लिकन पार्टी ने उन्हें नॉमिनेट किया था। अमेरिका ने भी उन्हें राष्ट्रपति बनाया। ट्रम्प ने विश्व स्वास्थ्य संगठन को ऐसे छोड़ दिया है जैसे कि अविकसित देशों में लोग रहते हैं या मर गए हैं। ट्रंप हीनता की राजनीति करने में सफल होते दिख रहे हैं कि हमने दुनिया की रोटी भूनने में खर्च कर दिया, अब हम अपने बारे में सोचें। पिछड़े आगे बढ़ गए हैं और हमारे अपने बच्चे बेरोजगार हो गए हैं। अमेरिका यहां इसलिए आया है क्योंकि दुनिया के सभी कोनों से लोगों ने अमेरिका बनाया है। इसके विपरीत, अमेरिका ने कई देशों को नष्ट कर दिया है। यह वही अमेरिका है जो कृतघ्नता से दुनिया को आरोपियों के पिंजरे में डाल रहा है। वे पनामा नहर चाहते हैं। मुझे यह करना है। हम ड्रिल बेबी, ड्रिल कहकर नया तेल और ईंधन प्राप्त करना चाहते हैं, और हम रास्ते में आने वाली किसी भी बाधा को खत्म करना चाहते हैं। ट्रम्प कौन कहते हैं कि अमानवीयता नए राष्ट्रपति के साथ है जब तक कि ट्रांसजेंडर का अस्तित्व समाप्त नहीं हो जाता। ट्रम्प यह कहने वाले कौन होते हैं कि अमेरिका थर्ड जेंडर पर विचार नहीं करेगा? बेशक, लोकतंत्र को नष्ट करने में ट्रम्प अकेले नहीं हैं। रूस में पुतिन हैं, चीन में शी जिनपिंग हैं ..! ट्रम्प, जो अमेरिका को स्वार्थी दुष्प्रचार की भाषा सिखाता है, जबकि दुनिया पहले से ही युद्ध की लपटों से घिरी हुई है, खतरनाक होगा!

ट्रम्प के राष्ट्रवाद का उन्माद, इसे अमेरिका फर्स्ट कहते हुए, सफल रहा। उन्होंने अपने पहले भाषण में कहा, मैं राष्ट्रपति द्वारा अब तक की गई गलतियों को ठीक करने जा रहा हूं,



लेकिन मास हिस्टीरिया में विवेक या विचार नहीं है। ट्रम्प इस विभाजन की नींव पर एक नया अमेरिका बनाने की कोशिश कर रहे हैं। आप्रवासी जिन्होंने अमेरिका का निर्माण किया। वे उन्हें दुश्मन बना रहे हैं। वैश्वीकरण का लाभ उठाने, अन्य देशों में बाजारों पर कब्जा करने की संकीर्णता, लेकिन उन देशों की जनशक्ति का विरोध वापस आ गया है। ट्रम्प को बहुत प्रशंसा मिली जब उन्होंने कहा, हम केवल अमेरिका के बारे में सोचेंगे और इस देश को महान बनाएंगे, और ऐसा करने में, वह भूल गए होंगे कि हम वैश्वीकरण के बाद की दुनिया में रहते हैं। अब, पूरे मानव समुदाय का एक ही उद्देश्य है। जलवायु परिवर्तन केवल एक देश के बारे में नहीं है। लेकिन जैसे ही उन्होंने पेरिस समझौते से बाहर निकाला, ट्रम्प संकेत दे रहे थे जैसे कि उनका बाकी दुनिया से कोई लेना-देना नहीं थाः उनके प्रिय एलोन मस्क अपने शपथ ग्रहण समारोह में। इसके अलावा जेफ बेजोस और मार्क जुकरबर्ग भी मौजूद थे, जो दुनिया के बाजार पर राज करेंगे; लेकिन अगर कोई राष्ट्रवाद को स्वार्थी स्थिति कहता है कि हमें दुनिया के सुख-दुख से कोई लेना-देना नहीं है, तो यह एक पतन की शुरुआत है।

एक कड़ा फैसला उन्होंने अमेरिका में जन्म के साथ ही हर बच्चे को स्वतः वहां की नागरिकता मिल जाने संबंधी कानून को रद्द करने का किया। इस पर तुरंत प्रतिक्रियाएं आनी शुरू हो गईं। अब डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रभाव वाले वहां के बाईस राज्यों ने इस फैसले को अदालत में चुनौती दे दी है।भारतीय मूल के सांसदों ने भी इसका विरोध किया है। इसके अलावा, ट्रंप प्रशासन के अधीन काम करने वाली कई संस्थाओं ने इसे अदालत में चुनौती दी है। जाहिर है, ट्रंप प्रशासन के लिए इस फैसले पर आगे कदम बढ़ाना आसान नहीं रह गया है। जन्म के साथ नागरिकता का कानून अमेरिकी संविधान में वर्णित है, इसलिए उसे बदलने पर विरोध की आशंका पहले ही क्षण से जताई जाने लगी थी। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति को किसी कानून को लागू करने या बदलने को लेकर असीमित अधिकार प्राप्त हैं, पर वहां की कानून-व्यवस्था ऐसी है कि राष्ट्रपति भी उससे ऊपर नहीं हैं।

दरअसल, ट्रंप शुरू से अवैध घुसपैठ और आव्रजन संबंधी नियमों में लचीलेपन के खिलाफ रहे हैं। अपने पिछले कार्यकाल में भी उन्होंने कहा था कि आव्रजन नियमों में कमजोरी का लाभ उठा कर बहुत सारे लोग दूसरे देशों से आ जाते हैं और वे अमेरिकी युवाओं का हक मारते और संसाधनों का उपभोग करते हैं। सीमाओं पर सख्त निगरानी न होने के कारण हर वर्ष लाखों लोग अवैध रूप से घुस आते हैं।ट्रंप ऐसे हर विदेशी नागरिक को अमेरिका से बाहर निकालना चाहते हैं। इसलिए शपथ ग्रहण के साथ ही उन्होंने सीमाओं पर आपातकाल लगा दिया और वहां सेना भेजने का फरमान जारी कर दिया। ऐसा नहीं कि ट्रंप से पहले अवैध घुसपैठियों पर नजर नहीं रखी जाती थी या गलत तरीके से आए लोगों को वापस नहीं भेजा जाता था। मगर ट्रंप जिस तरह विदेशी नागरिकों का वहां से सफाया करना चाहते हैं, उसे किसी भी लोकतांत्रिक देश का कदम नहीं माना जा सकता।

अवैध घुसपैठ निस्संदेह अमेरिका के सामने बड़ी समस्या है और उससे निपटने के लिए कड़े कदम उठाने का विरोध नहीं किया जा सकता। मगर इसका यह अर्थ कतई नहीं कि वैध रूप से वहां रह रहे लोगों को भी नाहक निशाने पर ले लिया जाए। इससे विदेशी नागरिकों की मुश्किलें तो बढ़ेंगी ही, अमेरिका को भी भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। शपथ ग्रहण से पहले जब ट्रंप ने घोषणा की थी कि वे एच वन-बी वीजा खत्म करेंगे, तब उनके करीबी एलन मस्क ने ही सबसे पहले उसका विरोध किया था। इसके पीछे वजह यही थी कि ऐसे फैसले से दूसरे देशों से तकनीकी विशेषज्ञों और कुशल लोगों को लाना कठिन हो जाएगा। अमेरिका बेशक दुनिया का संपन्न देश है, पर हकीकत यह भी है कि बहुत सारे तकनीकी मामलों में उसके पास कुशल और विशेषज्ञ नागरिक नहीं हैं। जिस तरह भारी शुल्क थोपने से दूसरे देशों में अमेरिका का भी बाजार सिकुड़ जाएगा, उसी तरह विदेशी नागरिकों को वहां से निकाल बाहर करने या प्रवेश रोकने पर उसके औद्योगिक उत्पादन पर बुरा असर पड़ सकता है। ट्रंप कुशल व्यवसायी हैं और इतने कड़े तथा व्यापक विरोध के बावजूद, वे नहीं चाहेंगे कि जन्मजात मिलने वाली नागरिकता के कानून पर विवाद लंबा खिंचे।

# भारत की सुरक्षा के लिए खतरा कैसे बना बांग्लादेश, पाकिस्तान और चीन कनेक्शन ने बढ़ाई टेंशन

(प्रियेश मिश्र)

भारत और बांग्लादेश में बढ़ती टेंशन का फायदा चीन और पाकिस्तान उठा रहे हैं। इन दोनों देशों की दखलअंदाजी बांग्लादेश में बढ़ती जा रही है। यह भारत के लिए परेशानी का सबब बन सकती है। बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली सरकार लगातार भारत विरोधी फैसले भी ले रही है।

बांग्लादेश से शेख हसीना सरकार के पतन के बाद भारी उथल-पुथल मची हुई है। राजनीतिक अस्थिरता, कट्टरपंथ में वृद्धि, हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार और बहुत कुछ हुआ है। और यह सब भारत के लिए अच्छा नहीं है। इसमें चीन और पाकिस्तान के भी शामिल होने की खबर है। बांग्लादेश में कुछ भी होता है तो उसका सीधा असर भारत पर पड़ता है। 1971 का युद्ध इसका गवाह है। वर्तमान में बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस की सरकार है, जो अपने भारत विरोधी रुख के लिए कुख्यात हैं।

**बांग्लादेश में चीन का बढ़ता प्रभावः** स्ट्रेट न्यूज ग्लोबल की रिपोर्ट के अनुसार, चीन बांग्लादेश में अपने निवेश को बढ़ा रहा है, खासकर बुनियादी ढांचे, ऊर्जा और दूरसंचार में। बांग्लादेश बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव में एक सक्रिय भागीदार रहा है। चीन पर बांग्लादेश का कुल कर्ज करीब 17.5 बिलियन डॉलर है। ऐसे में बांग्लादेश के चीन के कर्ज जाल में फंसने की आशंका बनी हुई है। बांग्लादेश की दोनों मुख्य पार्टियां बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और बांग्लादेश अवामी लीग चीन की करीबी हैं। दोनों के कार्यकाल में बांग्लादेश में चीनी निवेश बढ़ा है।

वर्तमान में भी चीन बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार और वहां के प्रभावशाली लोगों के संपर्क में है। इनमें जमात-ए-इस्लामी जैसे कट्टरपंथी इस्लामी संगठन भी शामिल हैं। चीन ने बांग्लादेश को लेकर अभी तक सतर्क लेकिन अवसरवादी और रणनीतिक दृष्टिकोण अपनाया है। इसका उद्देश्य बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता का लाभ उठाना है। ऐसे में भारत की चिंता और ज्यादा बढ़ सकती है।

**सॉफ्ट पावर से बांग्लादेश को साध रहा चीनः** रिपोर्ट के अनुसार, चीन युवा बांग्लादेशियों के दिल और दिमाग को जीतने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। यह शिक्षा, प्रौद्योगिकी और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों का समर्थन करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त, यह बांग्लादेशी छात्रों को चीन में अध्ययन करने के लिए यात्रा सहायता और छात्रवृत्ति प्रदान करता है। यह सॉफ्ट पावर के माध्यम से बांग्लादेश जैसे विकासशील देशों को प्रभावित करने की एक व्यापक रणनीति का हिस्सा है।

**चीन-बांग्लादेश रक्षा संबंध भी मजबूत हुएः** स्वीडिश थिंक टैंक एसआईपीआरआई के अनुसार, चीन ने 2019 और 2023 के बीच बांग्लादेश को आवश्यक हथियारों का 72त्न दिया। इसके अलावा, बीजिंग ने चटगांव के दक्षिण में 'बीएनएस शेख हसीना' नौसैनिक अड्डे के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 2023 में उद्घाटन किए जाने वाले इस अड्डे में छह पनडुब्बियां और आठ युद्धपोत रखे जा सकते हैं। बीजिंग ने बांग्लादेशी नौसेना को दो पनडुब्बियां (बीएनएस नबजात्रा और बीएनएस जॉयजात्रा) और फ्रिगेट और कोरवेट की एक महत्वपूर्ण मात्रा भी प्रदान की। चर्चा है कि चीन पनडुब्बियों और नए बेस को संचालित करने के तरीके पर प्रशिक्षण प्रदान करेगा।

**चीन पर बांग्लादेश की आर्थिक निर्भरता बढ़ीः** चीन पिछले एक दशक से बांग्लादेश का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार रहा है, जिसका कारोबार 25 बिलियन डॉलर से अधिक है। चीनी आधिकारिक मीडिया के अनुसार, बांग्लादेश में 700 चीनी-वित्तपोषित कंपनियां हैं। बांग्लादेश अपने कपड़ा क्षेत्र को चलाने के लिए चीन पर बहुत अधिक निर्भर है, जिसने बांग्लादेश को वैश्विक मानचित्र पर ला खड़ा किया है। बांग्लादेश हर साल लगभग 45 बिलियन डॉलर का कपड़ा निर्यात करता है; यह उसके कुल निर्यात का 80 प्रतिशत है। फाइबर कपड़ों के निर्माण के लिए 70 प्रतिशत से अधिक कच्चा माल चीन से आता है।

**पाकिस्तान से भी संपर्क साध रहा बांग्लादेशः** बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार गिराने में पाकिस्तान की भी भूमिका सामने आई थी। वह कूटनीति और व्यापार के माध्यम से बांग्लादेश से संबंधों को मजबूत कर रहा है। पाकिस्तान ने एक नई वीजा नीति की घोषणा की है, जिसके तहत बांग्लादेश को उन 126 देशों में शामिल किया गया है, जिनके नागरिक मुफ्त वीजा पर पाकिस्तान की यात्रा कर सकते हैं। पिछले साल मोहम्मद यूनुस और पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की दो बार मुलाकात हुई थी, जो पाकिस्तान के इरादे को स्पष्ट रूप से दर्शाता है।

**पाकिस्तान के साथ नौसैनिक अभ्यास करेगा बांग्लादेशः** रिपोर्ट के अनुसार, ढाका में पाकिस्तानी दूत हसीना शासन के पतन के बाद से नियमित रूप से बीएनपी, जमात-ए-इस्लामी और अन्य कट्टरपंथी व्यक्तियों और समूहों के नेताओं से मिलते रहे हैं। इस बीच, बांग्लादेश ने अगली सरकार बनने के बाद आधिकारिक तौर पर पाकिस्तान से कृषि उत्पादों के आयात को बढ़ाने में गहरी रुचि व्यक्त की है। रिपोर्ट बताती है कि बांग्लादेश बंगाल की खाड़ी में पाकिस्तानी नौसेना के साथ संयुक्त नौसैनिक अभ्यास की तैयारी कर रहा है। इसके अलावा, बांग्लादेश फरवरी 2025 में कराची में आयोजित होने वाले बहु-राष्ट्र नौसैनिक अभ्यास में भी भाग लेगा।

## वर्ग पहेली 5623

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 |
| 6 | | ■ | 7 | 8 | | ■ | |
| 9 | | 10 | ■ | 11 | | 12 | |
| ■ | 13 | | 14 | | ■ | 15 | |
| 16 | ■ | 17 | | | ■ | 18 | |
| 19 | 20 | ■ | | | | ■ | |
| 22 | | 23 | ■ | ■ | ■ | 24 | |
| | ■ | 25 | | ■ | 26 | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. यह चीनी जनवादी गणराज्य की राजधानी है जिसे बीजिंग भी कहा जाता है (4)
4. समझौता, संधि (3)
6. निशा, विभावरी, रजनी (2)
7. रात्रि को यह भी कहते है (3)
9. यह देश जंबुद्वीप के दक्षिण पश्चिम खंड में स्थित देश है (3)
11. चुनौती (4)
13. रूपवती स्त्री, सुंदर स्त्री (4)
15. दार्शनिक प्रणाली, राय (2)
17. महर्षि परशुराम का शस्त्र (3)
18. गर्व, फख्र, घमंड (2)
19. बहुत बड़ा हथौड़ा, घनसार (2)
21. बांस की चटाई को यह भी कहते है (3)
22. मुश्किल, कठिन (3)
24. शत्रु, वैरी, दुश्मन (2)
25. संसार, जगत, दुनिया, जग (2)
26. पहरेदार, रखवाला, द्वारपाल (3)

**संकेतः ऊपर से नीचे**

1. पेरने की मजदूरी, पेरने की क्रिया (3)
2. इठलाना, ऐंठना (4)
3. पटना से करीब 90 किमी.दक्षिण में एक पुण्य स्थान जहां तिल आदि से श्राद्ध करने से चार महापातकों से मुक्ति होती है (2)
4. पहले रेडियों उद्घोषक फिर अभिनेता और अंत में राष्ट्रीय स्तर के नेता रहे जिनका निधन 25 मई 2005 को हुआ (सिर्फ नाम)(3)
5. पुरानी फिल्मों के गीतकार जो शंकर जयकिशन के पसंदीदा गीतकार थे (8)
8. सबसे प्रेमपूर्वक मिलने-जुलने वाला (5)
10. अरब का एक प्रसिद्ध नगर जहां हजरत अली की मजार है (3)
12. हसरत, आरजू, तमन्ना, वांछा (3)
14. मेघ, बादल (3)
16. सुप्रसिद्ध कवि कालिदास की प्रसिद्ध कृति (4)
20. पंचतत्वों मे से एक, आकाश, अंबर (2)
23. भास्कर, दिपपति, दिनकर (2)
24. परंपरा, वास्तविक, ईश्वरीय विधान (2)

### वर्ग पहेली 5622 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शि | क्ष | क | दि | व | स | ■ | ■ |
| व | व | ■ | वा | र | दा | त | ■ |
| प्रि | ■ | प | क | ना | ■ | ला | ल |
| या | द | गा | र | ■ | भू | त | ल |
| ■ | न | र | ■ | ल | क | ल | क |
| वा | द | ■ | ■ | ग | ■ | ■ | ना |
| प | ना | ह | दे | ना | ■ | ना | ■ |
| स | ना | त | न | ■ | भू | टा | न |

# पुरानी दोस्ती

(राजेश कुमार चौहान)

हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की दोस्ती कोई छिपी हुई बात नहीं है। दुनिया के दो बड़े लोकतंत्र के ये दोनों नेता खुलकर एक-दूसरे से मिलते हैं और एक-दूसरे पर पूरा विश्वास करते हैं। अब जबकि एक बार फिर डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के सदर बन गए हैं, तो उम्मीद यही है कि मोदी-ट्रंप की जुगलबंदी नए रूप में हमारे सामने आएगी, जो न सिर्फ भारत के लिए अहम साबित होगी, बल्कि शेष दुनिया के लिए भी। अमेरिका सबसे पुराना लोकतंत्र है, जबकि हम सबसे बड़े। अब विश्व में लोकतांत्रिक बयार को एक नई दिशा मिलेगी।

नई दिल्ली उससे बहुत उम्मीदें न पाले-यह सवाल जायज है कि व्हाइट हाउस में ट्रंप की वापसी से भारत-अमेरिका दोस्ती पर कितना असर पड़ेगा? कूटनीति तो यही कहती है कि रिश्ते और दोस्ती तभी मजबूत और मधुर होते हैं, जब प्यार एकतरफा न हो और हाथ के साथ दिल भी मिलाए जाएं। ट्रंप के सत्ता संभालने से दोनों देशों के बीच कुछ नए फैसलों की उम्मीद जताई जा रही है, पर ये फैसले भारत की उम्मीदों पर कितना खरा उतरेंगे और ट्रंप का हमारे देश के प्रति प्रेम कितने दिनों तक बना रहेगा, यह सब कुछ अभी सवालों के घेरे में है, क्योंकि भारत को लेकर डोनाल्ड ट्रंप की नीयत कुछ खास साफ नहीं रही है।

आज दुनिया की दो समस्याएं सबसे बड़ी हैं- पहली, आतंकवाद और दूसरी, जलवायु परिवर्तन। इन दोनों समस्याओं के समाधान के लिए भी अमेरिका, भारत के साथ खड़ा नहीं दिखता। आतंकवाद के खिलाफ अमेरिका का दोहरा रवैया तो सब जानते ही हैं, जलवायु परिवर्तन पर पेरिस समझौते से भागने का ठीकरा भारत पर मढ़कर एक तरह से उसने अपनी स्थिति साफ कर रखी है। जबकि, भारत इन दोनों समस्याओं के हल को लेकर संजीदा है और विश्व मंच पर अपनी आवाज मुखरता से बुलंद करता रहा है। यहां तक कि हमारे देश ने तो आतंकवाद के पालक पाकिस्तान के प्रति कड़ा रुख भी अपनाया है। अमेरिका की कथनी और करनी में जब इस तरह फर्क हो, तब रिश्ते भला मजबूत कैसे बनेंगे? एक तरफ, वह भारत के साथ संबंध मजबूत करने की बात कहता है, लेकिन दूसरी तरफ स्वार्थवश ऐसे फैसले लेने से भी पीछे नहीं हटता, जो भारत के हितों के खिलाफ होते हैं।

लगता तो यह भी है कि इससे पूर्व जब ट्रंप राष्ट्रपति बने थे, तब कानून व्यवस्था और न्यायालय आदि पर उन्होंने अपना पूरा दबदबा बना लिया था। शायद इसीलिए टैक्स हेराफेरी, मनी लाड्रिंग और चुनाव में धोखाधड़ी के जो कथित आरोप उन पर लगे थे, उनकी जांच नहीं हो पाई और जब वह चुनाव हारे, तो उन्हें अपने ऊपर लगे आरोपों की जांच और सजा का डर सताने लगा, जिसके कारण अपने समर्थकों को भड़काकर उन्होंने देश का माहौल खराब करने का प्रयास भी किया। कैपिटल हिल में हिंसा के बावजूद वह इस बार चुनाव जीत तो गए हैं, लेकिन महज इसी से यह उम्मीद करना गलत होगा कि वह विश्व की भलाई के लिए प्रयत्नशील रहेंगे। वह अमेरिका के हितों को ही आगे बढ़ाएंगे, फिर चाहे इसके लिए किसी अन्य देश की बलि क्यों न लेनी पड़ जाए। हमें जैसे को तैसा की तरह काम करना होगा।

## आज का राशिफल

**मेष**

आज दिन लाभ से भरा होगा और आप खुद से ज?यादा दूसरों की मदद करने में वक?त बिताएंगे। आपके सुख में वृद्धि होगी और मन में प्रसन्?नता का भाव रहेगा। भाग्य आपका साथ देगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। इन जिम्मेदारियों को निभाकर आप अपनी क्षमता साबित कर पाएंगे।

**वृष**

आज करियर के लिहाज से शुभ योग बन रहे हैं। दोपहर तक कोई खुशखबरी मिलने की संभावना है। सेहत का ध्यान रखें, इससे आपको फायदा होगा। शाम को किसी खास मेहमान का आगमन हो सकता है। रात में किसी सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिलेगा।

**मिथुन**

आज करियर में लाभ मिलेगा। पिता और उच्च अधिकारियों के सहयोग से कोई कीमती वस्तु या संपत्ति मिल सकती है। आपका दिन काफी व्यस्त रहेगा। फिजूल के खर्च से बचें और अपने काम पर फोकस करें।

**कर्क**

आज भाग्य में वृद्धि होगी। रुके हुए काम पूरे होंगे। अचानक धन लाभ होने से मन प्रसन्न रहेगा। व्यावसायिक योजनाओं में गति आएगी। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जल्दबाजी और भावुकता में कोई भी फैसला न लें।

**सिंह**

आज भाग्य साथ देगा। राजनीति के क्षेत्र में अप्रत्याशित सफलता मिलेगी। संतान के प्रति जिम्मेदारियां पूरी होंगी। प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ेंगे। रुके हुए काम पूरे होंगे। शाम का समय दोस्तों के साथ मनोरंजन में बीतेगा। इसमें कुछ खर्च भी होगा।

**कन्या**

आज भाग्य में वृद्धि होगी। हर क्षेत्र में सफलता मिलेगी। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा। विपरीत परिस्थितियों में क्रोध पर नियंत्रण रखें। घर की समस्याएं सुलझ जाएंगी। कारोबार को आगे बढ़ाने में आपको सरकार से मदद मिल सकती है।

**तुला**

आज दिन लाभदायक रहेगा। विशेष उपलब्धि हासिल होगी। आय के नए स्रोत बनेंगे। आपके अच्छे स्वभाव के कारण आपको सम्मान मिलेगा। भागदौड़ के कारण सेहत पर असर पड़ सकता है, इसलिए सावधान रहें। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। यात्रा सुखद और लाभदायक रहेगी।

**वृश्चिक**

आज आर्थिक मामलों में लाभ होगा। धन, सम्मान और यश में वृद्धि होगी। अपने प्रियजनों से मुलाकात होगी। वाणी पर संयम रखें, वरना विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। शाम को प्रियजनों से मुलाकात होगी। रात का समय मौज-मस्ती में बीतेगा।

**धनु**

आज दिन खर्चीला रहेगा। धन का व्यय होगा। सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। किसी रिश्तेदार के कारण तनाव हो सकता है। धन के लेन-देन में सावधानी बरतें, धन फंस सकता है। दिन में कोर्ट-कचहरी के चक्कर लगाने पड़ सकते हैं। लेकिन अंत में आपकी जीत होगी।

**मकर**

आज दिन खुशी में बीतेगा। मनचाहा लाभ होने से खुशी होगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। व्यवसाय में बदलाव की योजना बना सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी। पारिवारिक जिम्मेदारियां पूरी होंगी। वाहन चलाते समय सावधान रहें, वरना आपका खर्च बढ़ सकता है।

**कुंभ**

आज लाभ का दिन है। अचानक भागदौड़ और खर्च बढ़ सकता है। किसी भी संपत्ति की खरीद-बिक्री से पहले उसकी अच्छी तरह जांच कर लें। सभी कानूनी पहलुओं पर विचार कर लें। आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपके लिए दिन लाभ और सम्?मान से भरा होगा और कहीं से आपको कोई तरक?की का समाचार मिल सकता है।

**मीन**

आज लाभ होगा। जीवन आनंददायक रहेगा। किसी जरूरी काम से आपको आपको छोटी-बड़ी यात्रा पर जाना पड़ सकता है। व्यापार में प्रगति से खुशी होगी। विद्यार्थियों को मानसिक तनाव से मुक्ति मिलेगी। शाम को घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। आपका मन शांत रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अभिनेत्री कंगना रनौत को पटना हाईकोर्ट का नोटिस, 7 मार्च को सुनवाई



पटना , एजेंसी। पटना हाईकोर्ट ने अभिनेत्री कंगना रनौत और अन्य को कॉपीराइट उल्लंघन मामले में नोटिस जारी किया है. याचिकाकर्ता कल्पना सिंह ने याचिका दायर कर आरोप लगाया है कि राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' की प्रसिद्ध पंक्ति सिंहासन खाली करो कि जनता आती है का बिना अनुमति उपयोग किया गया है. फिल्म इमरजेंसी में बिना अनुमति उपयोग : कल्पना सिंह ने आरोप लगाया कि ये पंक्तियां फिल्म इमरजेंसी के प्रचार सामग्री और गीत में बिना अनुमति के इस्तेमाल की गई. फिल्म का निर्देशन कंगना रनौत ने किया है, जबकि गीतकार मनोज मुंतशिर हैं. कानूनी नोटिस का कोई जवाब नहीं : इस मामले में 31 अगस्त, 2024 को कानूनी नोटिस भेजा गया था, लेकिन इसका कोई जवाब नहीं मिला. इसके बाद कॉपीराइट धारकों ने रिट केस संख्या 19202/2024 के तहत पटना हाईकोर्ट में याचिका दायर की. बता दें कि बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत बीजेपी की मंडी से सांसद हैं. कोर्ट की सुनवाई और अगली तारीख : मामले की सुनवाई जस्टिस ए अभिषेक रेड्डी ने की. चूंकि फिल्म पहले ही रिलीज हो चुकी थी, कोर्ट ने रोक लगाने से इनकार करते हुए नोटिस जारी किया. इस मामले पर अगली सुनवाई 7 मार्च, 2025 को होगी. गौरतलब है कि याचिकाकर्ता कल्पना सिंह राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की बहू हैं।

### बेटियां ईश्वर का उपहार हैं, संस्कारों का विस्तार हैं: योगी आदित्यनाथ



लखनउ, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को 'राष्ट्रीय बालिका दिवस' की बधाई देते हुए कहा कि बेटियां ईश्वर का उपहार हैं, संस्कारों का विस्तार हैं। मुख्यमंत्री योगी ने 'एक्स' पर पोस्ट किए गए अपने बधाई संदेश में कहा कि ''बेटियां ईश्वर का उपहार हैं, संस्कारों का विस्तार हैं।'' इसी पोस्ट में उन्होंने कहा, ''आज 'राष्ट्रीय बालिका दिवस' के अवसर पर सभी माताओं-बहनों का अभिनंदन एवं प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई!'' योगी ने भरोसा दिलाया, ''डबल इंजन की सरकार 'सुरक्षा कवच' के रूप में सदैव मातृशक्ति के साथ है। आपकी प्रगति, उन्नति एवं आपका सशक्तिकरण हमारी प्रतिबद्धता है।'' 'राष्ट्रीय बालिका दिवस' भारत में हर वर्ष 24 जनवरी को मनाया जाता है जिसकी शुरुआत महिला और बाल विकास मंत्रालय ने वर्ष 2008 में की थी। मोदी सरकार ने विभिन्न पहलों से बाल लिंगानुपात को बढ़ाने और लड़कियों को सशक्त बनाने के लिए 2015 में 22 जनवरी को अपनी महत्वाकांक्षी 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना शुरू की।

### तूने मुझे बुलाया शेरावालिये, फारूक अब्दुल्ला ने गाया भजन

जम्मू-कश्मीर , एजेंसी। जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने माता शेरा वाली को समर्पित भजन गाकर श्रद्धालुओं को चौंका दिया। अब्दुल्ला के भजन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। अब्दुल्ला ने कटरा में रोपवे निर्माण के मुद्दे पर भी बात की। उन्होंने कहा कि माता वैष्णो देवी मंदिर के संचालन के लिए जिम्मेदार लोगों को ऐसे काम करने से बचना चाहिए, जिससे लोगों को परेशानी हो। कटरा के एक आश्रम में भजन कार्यक्रम में गायक और बच्चों के साथ शामिल होकर अब्दुल्ला ने गाया, तूने मुझे बुलाया शेरावालिये, मैं आया मैं आया शेरावालिये। फारूक अब्दुल्ला ने इस अवसर पर रोपवे प्रोजेक्ट के खिलाफ कटरा के लोगों के विरोध का समर्थन किया। उन्होंने कहा, मंदिर का संचालन करने वालों को ऐसा कोई काम नहीं करना चाहिए, जिससे स्थानीय लोगों के हितों को नुकसान पहुंचे या उनके लिए समस्याएं पैदा हों। उन्होंने शहर के हितों पर विचार किए बिना रोपवे का निर्माण करने के लिए बोर्ड की आलोचना की। अब्दुल्ला ने कहा, आपने साहस दिखाया और इसे रोकने के लिए बहादुरी से लड़ाई लड़ी। उन्हें एहसास हो गया है कि सत्ता जनता के पास है, सरकार के पास नहीं।

### मणिपुर: तलाशी अभियान के बाद हथियार और 60 जिंदा गोला-बारूद बरामद

इंफाल, एजेंसी। सुरक्षाकर्मियों ने मणिपुर के पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में तलाशी अभियान चलाया. अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि तलाशी अभियान के दौरान बड़ी संख्या में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए. पुलिस के अनुसार, जिरीबाम जिले के जिरीबाम पुलिस थाने के अंतर्गत जैरोल और उचाथोल के जंगल से एक एसएमजी कार्बाइन और मैगजीन, एक 12 बोर सिंगल बैरल बोर गन, 60 जिंदा गोला-बारूद, पांच यूबीजीएल राउंड और दो ग्रेनेड बरामद किए गए. बुधवार को, भारतीय सेना ने पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों के साथ कई सफल संयुक्त अभियानों में चूरचंदपुर सहित मणिपुर के चार जिलों के पहाड़ी और घाटी क्षेत्रों से हथियार, गोला-बारूद और युद्ध संबंधी सामान बरामद किए. आधिकारिक बयान के अनुसार कि भारतीय सेना ने मणिपुर पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों के साथ मिलकर कई सफल संयुक्त अभियानों में मणिपुर के थौबल, कांगपोकपी, चुरचंदपुर और टेंग्नुपाल जिलों के पहाड़ी और घाटी क्षेत्रों से 12 हथियार, गोला-बारूद और युद्ध संबंधी सामान बरामद किए।

# चुनावों का भविष्य टेक्नोलॉजी, सोशल मीडिया की प्रगति और चुनौतियों से आकार लेगा : मुख्य चुनाव आयुक्त



नई दिल्ली, एजेंसी। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने गुरुवार को तकनीकी चुनौतियों से निपटने के लिए रणनीतियों को कारगर बनाने का आग्रह किया. उन्होंने कहा कि चुनावों का भविष्य टेकनोलॉजी, सोशल मीडिया, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सिक्योरिटी में प्रगति और चुनौतियों से आकार लेगा. नई दिल्ली में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर कुमार ने कहा कि 2024 चुनौतियों और जटिलताओं के बीच डेमोक्रेटिक वैल्यूज की पुष्टि के लिए इलेक्शन मैनेजमेंट बॉडी के लिए एक निर्णायक साल है. उन्होंने कार्यकुशलता, पारदर्शिता और मतदाता विश्वास बढ़ाने में टेकनोलॉजी और डिजिटल इनोवेशन की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी जोर दिया. उन्होंने कहा, टेक्नोलॉजी महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है, यह साइबर सुरक्षा खतरों और गलत सूचना जैसी चुनौतियां भी लाती है. कुमार ने इलेक्शन मैनेजमेंट बॉडी से इन तकनीकी चुनौतियों से निपटने के लिए रणनीतियों को कारगर बनाने का आग्रह किया, ताकि जोखिमों को प्रभावी ढंग से कम किया जा सके

**सम्मेलन की थीम :** बता दें कि ग्लोबल इलेक्शन ईयर 2024: रीटरेशन ऑफ डेमोक्रेटित स्पेसेस टेकअवे फॉर इलेक्सन मैनेजमेट बॉडी थीम पर सम्मेलन का आयोजन भारत के चुनाव आयोग द्वारा किया जा रहा है, जो 2024 में भारत और अन्य देशों में चुनाव कराने में इलेक्शन मैनेजमेंट बॉडीज के विविध अनुभवों पर आधारित है. सम्मेलन में लगभग 13 देशों के चुनाव आयोग और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि कंटेम्प्रेरी इलेक्शन मैनेजमेंट के प्रमुख मुद्दों पर चर्चा के लिए एकत्रित हुए हैं. इनमें भूटान, जॉर्जिया, नामीबिया, उज्बेकिस्तान, श्रीलंका, इंडोनेशिया, कजाकिस्तान, आयरलैंड, मॉरीशस, फिलीपींस, रूसी संघ, ट्यूनीशिया और नेपाल सहित 13 देशों के लगभग 30 प्रतिनिधि शामिल हुए हैं. चुनावी प्रक्रियाओं में विश्वास को खत्म करने वाले फर्जी नैरेजिट के खिलाफ चेतावनी देते हुए कुमार ने कहा कि इस तरह के फर्जी नैरेटिव आम तौर पर चुनाव प्रक्रिया के महत्वपूर्ण मोड़ पर इसके महत्वपूर्ण पहलुओं को निशाना बनाने के लिए बनाए जाते हैं. कुमार ने चुनावों के भविष्य को आकार देने वाले प्रमुख रुझानों को भी रेखांकित किया, जिसमें एआई-संचालित प्रक्रियाएं, ऑनलाइन और दूरस्थ मतदान, बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण और वैश्विक सहयोग में वृद्धि शामिल है.

**इलेक्शन मैनेजमेंट की भूमिका :** उन्होंने सभी प्रतिभागियों से चुनावों को अधिक पारदर्शी, समावेशी और सुलभ बनाने में तकनीकी प्रगति के साथ अवसरों का पता लगाने का आह्वान किया. उन्होंने न केवल वैश्विक स्तर पर चुनावी प्रक्रियाओं की सुरक्षा करने में, बल्कि उनकी पहुंच और प्रभाव का विस्तार करने में भी इलेक्शन मैनेजमेंट की भूमिका को रेखांकित किया. चुनाव मैनेजमेंट में टेक्नोलॉजी की भूमिका - अवसर और चुनौतियां विषय पर आयोजित सत्र में बोलते हुए भूटान के मुख्य चुनाव आयुक्त दाशो सोनम टोपगे ने ईवीएम उपलब्ध कराने के लिए भारत की सराहना की और भूटान में चुनाव में ईवीएम के इस्तेमाल के बाद से ईवीएम द्वारा लाई गई प्रक्रिया दक्षता की तारीफ की.

**ईवीएम ने भूटान में लोगों का विश्वास जीता :** उन्होंने कहा कि ईवीएम ने भूटान में लोगों का विश्वास जीता है. उज्बेकिस्तान, श्रीलंका, मॉरीशस, इंडोनेशिया, कजाकिस्तान के चुनाव प्रबंधन निकायों ने 2024 में अपने चुनावी अनुभव पर प्रस्तुतियां दीं और सोशल मीडिया पर गलत सूचनाओं, भ्रामक सूचनाओं और फर्जी बयानों के बारे में अपनी चिंताओं को उजागर किया, जो लाइव चुनावों में चुनावी अखंडता को प्रभावित करते हैं.

**फर्जी खबरों के खतरे पर जोर :** मॉरीशस के मुख्य चुनाव आयुक्त अब्दुल रहमान ने भी मतदाताओं के विश्वास को कम करने के लिए फर्जी खबरों के खतरे पर जोर दिया. चुनाव कर्मचारियों की भर्ती के लिए फर्जी ऑनलाइन आवेदनों के एक विशेष मामले पर प्रकाश डालते हुए रहमान ने चुनावों के दौरान गलत सूचनाओं और भ्रामक सूचनाओं के खतरे को बढ़ाने में प्रौद्योगिकी और सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर चिंता व्यक्त की.

इंडोनेशिया के चुनाव आयुक्त इदान होलिक ने वास्तविक समय में गलत सूचनाओं से निपटने के लिए एक डेडिकेटेड वॉट्सऐप चैनल का उपयोग करने के अपने अनुभव के बारे में बात की. सम्मेलन के पहले दिन चुनाव प्रबंधन में प्रौद्योगिकी की भूमिका, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और चुनाव प्रबंधन पर उनके प्रभाव, समावेशी और सुलभ चुनावों के लिए चुनावी समानता को बढ़ावा देने और क्षमता निर्माण, प्रशिक्षण और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के महत्व सहित कई सत्र होंगे. वहीं , अब शुक्रवार को दूसरे दिन लोकतंत्र के लिए चुनावों का भविष्य पर एक सत्र आयोजित किया जाएगा और चुनावों और चुनावी लोकतंत्रों के बेहतर तालमेल और मजबूती के लिए साझा प्रतिबद्धता को दर्शाने के लिए एक परिणाम दस्तावेज/घोषणा के साथ इसका समापन होगा।

## कर्नाटक में नए साल में एमपॉक्स का पहला केस सामने आया है. पीड़ित दुबई से आया था.




बेंगलुरु, एजेंसी। कर्नाटक में गुरुवार को इस साल का पहला एमपॉक्स का मामला सामने आया, जो मंगलुरु के 40 वर्षीय एक व्यक्ति में पाया गया. कर्नाटक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की एक विज्ञप्ति के अनुसार, राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान पुणे, ने संदिग्ध व्यक्ति के एमपॉक्स की पुष्टि की है. यहीं उसके नमूनों की जांच की गई थी. उडुपी जिले के करकला का निवासी यह व्यक्ति पिछले 19 वर्षों से दुबई में रहने के बाद 17 जनवरी को मंगलुरु लौटा था. विज्ञप्ति में कहा गया है कि अस्पताल पहुंचने पर उसमें चकत्ते के लक्षण दिखे और दो दिन पहले उसे बुखार भी हुआ था. उसको तुरंत एक निजी अस्पताल में आइसोलेट किया गया और उनके एमपीओएक्स सैंपल को बैंगलोर मेडिकल कॉलेज और उसके बाद एनआईवी, पुणे में भेजा गया. इसमें कहा गया है, उक्त व्यक्ति की हालत स्थिर है और उसे कोई गंभीर जटिलता नहीं है. इस बीमारी का उपचार सामान्यतः लक्षणों का प्रबंधन है, जैसे बुखार, बदन दर्द के लिए दवा तथा संक्रमित घावों/चकत्तों से होने वाले द्वितीयक संक्रमण के लिए एंटीबायोटिक, साथ ही पर्याप्त मात्रा में जलपान, पोषण, आराम आदि सुनिश्चित करना आदि. एमपॉक्स आम तौर पर बहुत करीबी और अंतरंग संपर्क के माध्यम से ही फैलता है. इस बीमारी की संक्रामकता कोविड-19 जितनी गंभीर नहीं है. स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को सलाह दी है कि वे इस बीमारी की हल्की प्रकृति तथा इसकी कम संक्रामकता को देखते हुए मामले की सूचना मिलने पर घबराएं नहीं. हालांकि लोगों से कहा गया है मांसपेशियों में दर्द, ठंड लगना, पसीना आना, गले में खराश और खांसी के साथ त्वचा पर चकत्ते आदि पर नजर रखें और जांच कराएं. खासकर यदि उन्होंने इस वायरस के लिए उच्च जोखिम वाले देशों की यात्रा की हो या वे एमपॉक्स से प्रभावित व्यक्तियों के बहुत निकट संपर्क में रहे हों.

## कांग्रेस के राज वाले कर्नाटक में बदलेगा मुख्यमंत्री? अटकलें फिर हुईं तेज

बेंगलुरु, एजेंसी। कांग्रेस शासित कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन हो सकता है। हालांकि, पार्टी ने आधिकारिक तौर पर इसे लेकर कुछ नहीं कहा है, लेकिन मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के ताजा बयानों से ऐसे संकेत मिल रहे हैं। राज्य में हुए विधानसभा चुनाव के बाद कथित तौर पर तय हुआ था कि ढाई साल में सीएम बदले जाएंगे। फिलहाल, इस दौड़ में सबसे आगे उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार नजर आ रहे हैं। गुरुवार को सिद्धारमैया के बयानों से पहली बार संकेत मिले हैं कि उनके और डिप्टी सीएम शिवकुमार के बीच बातचीत हो गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्होंने कहा, अंत में आलाकमान को ही हर बात पर फैसला लेना है। पत्रकारों ने राज्य में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर सवाल किया था, जिसका उत्तर सिद्धारमैया ने दिया था। दरअसल, इस बयान को उनके पूर्व की टिप्पणियों से जोड़कर देखा जा रहा है। एक ओर जहां वह पहले पांच साल का कार्यकाल पूरा करने की बात कहते थे और नेतृत्व परिवर्तन की खबरों का खंडन करते थे। इधर, शिवकुमार ने हाल ही में कहा कि वह अपना कर्तव्य करेंगे। साथ ही कहा कि नेतृत्व को लेकर फैसला पार्टी करेगी।

# झूठ बोलने के कंपटीशन में फर्स्ट आएंगे केजरीवाल: जेपी नड्डा

नईदिल्ली, एजेंसी। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आम आदमी पार्टी (आप) की तीखी आलोचना करते हुए उन पर दिल्ली में उनके एक दशक लंबे शासन के दौरान अभूतपूर्व भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। उत्तम नगर में अपने संबोधन के दौरान नड्डा ने कहा कि मैं आज यहां जो आप सभी में जोश, उमंग और उत्साह देख रहा हूं, उससे स्पष्ट हो रहा है कि आपने कमल खिलाने का संकल्प ले लिया है। इसके साथ ही आपने आम आदमी पार्टी (आप-दा) को उखाड़ फेंकने का भी संकल्प ले लिया है।

केजरीवाल और उनकी पार्टी पर वार करते हुए नड्डा ने कहा कि पिछले 10 सालों में आम आदमी पार्टी ने जिस तरीके से दिल्ली में भ्रष्टाचार किया, जिस तरीके के दिल्ली को तकलीफ में डाला। मैं कह सकता हूं कि इस आप-दा सरकार ने भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि जो भ्रष्टाचार से लड़ने के नाम पर सरकार में आया था, उसी ने भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। उन्होंने कहा कि इस आप-दा सरकार ने शिक्षा की बात कही, लेकिन शिक्षा को छोड़कर शराब के घोटाले में पड़ गए और 2,800 करोड़ रुपए का घोटाला किया। इसी तरह इन्होंने पानी देने की बात कही, लेकिन कभी इन्होंने दिल्ली की जनता को साफ पानी नहीं दी और जल बोर्ड में 28 हजार करोड़ रुपए का घोटाला कर दिया। अपना वार जारी रखते हुए नड्डा ने कहा कि इसी तरह



आप-दा सरकार ने 300 करोड़ रुपए का दवाई घोटाला किया। इसी तरह इन्होंने स्कूल की बात की और 1300 करोड़ रुपए का क्लासरूम घोटाला कर दिया। इसी तरह 500 करोड़ रुपए का पैनिक बटन घोटाला किया, 5,400 करोड़ रुपए का राशन कार्ड घोटाला किया। बस की खरीदी में 4,500 करोड़ रुपए का घोटाला किया। आप-दा सरकार ने हर जगह सिर्फ घोटाला ही घोटाला करने का काम किया। उन्होंने कहा कि इसी तरह आप-दा सरकार ने यमुना की सफाई करने की बात कही और यमुना सफाई के नाम पर 700-800 करोड़ रुपए का घोटाला कर दिया। झूठ बोलने का रिकॉर्ड अगर किसी ने बनाया है तो वो अरविंद केजरीवाल है। नड्डा ने कहा कि मैं बताना चाहता हूं कि दिल्ली को 10 सालों में विकास के मामले में अगर जो कुछ भी काम हुआ है तो वो पीएम श्री नरेन्द्र मोदी जी की देन है। यहां 300 से ज्यादा इलेक्ट्रिक बसें मोदी जी ने दी हैं और दिसंबर 2025 तक 2,026 बसें नई दी जाएंगी। पीएम श्री नरेन्द्र मोदी जी ने रैपिड रेल की भी शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि एक तरफ केजरीवाल खुद के लिए शीश महल बना रहे हैं और दूसरी तरफ पीएम मोदी हैं जिन्होंने पीएम आवास योजना के तहत 4 करोड़ लोगों को पक्का घर देने का काम किया है, इसमें 30 हजार मकान दिल्ली में बनाए गए हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि ये चुनाव... दिल्ली के भविष्य का चुनाव है, ये चुनाव... आपके भविष्य का चुनाव है, ये चुनाव... दिल्ली को आगे ले जाना वाला चुनाव है और भाजपा, दिल्ली को आगे ले जाने के लिए कृतसंकल्पि है।

# आतिशी के आरोपों पर रमेश बिधूड़ी का पलटवार, बोले, सीएम परेशान हैं, आप के पास कोई कार्यकर्ता नहीं बचा

नईदिल्ली, एजेंसी। मुख्यमंत्री और कालकाजी से आप उम्मीदवार आतिशी ने चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई और आरोप लगाया कि निर्वाचन क्षेत्र में उनकी पार्टी के स्वयंसेवकों को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उत्पीड़न और धमकी का सामना करना पड़ा। उन्होंने चुनाव आयोग को लिखे पत्र में 15 जनवरी के बाद से कालकाजी के विभिन्न हिस्सों में आप कार्यकर्ताओं को कथित तौर पर धमकाने की सात घटनाओं का हवाला दिया। आतिशी ने चुनाव आयोग से आप स्वयंसेवकों को कथित तौर पर डराने और परेशान करने के लिए बिधूड़ी के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही शुरू करने की मांग की। हालांकि, आतिशी के आरोपों पर बीजेपी उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि वह निराश है। आप के पास कोई कार्यकर्ता नहीं बचा है। पिछले 8 दिनों के अंदर आप के करीब 140 प्रमुख कार्यकर्ता बीजेपी में शामिल हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि बेहतर होता कि वह मुद्दों से भटकाने के बजाय पिछले 5 साल में किए गए काम के बारे में



बतातीं। उन्होंने कहा कि आप ने 2015 में लोगों को गुमराह किया, फिर 2020 में बीजेपी 50 से ज्यादा सीटें जीतने जा रही है।

इतना ही नहीं, बिधूड़ी ने कहा कि फेक वीडियो बनाकर भाजपा कार्यकर्ताओं का बदनाम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसको लेकर मैने आयोग को पत्र लिखा है। आतिशी ने लिखा था कि अपने उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी और उनके सहयोगियों के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता निर्वाचन क्षेत्र में घूम-घूम कर खुलेआम आप कार्यकर्ताओं को गालियां दे रहे हैं और शारीरिक रूप से डरा रहे हैं। इस संबंध में मैंने आपको कल एक पत्र भी लिखा था। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मैं फिर से आपके ध्यान में ऐसी कुछ और घटनाएं लाने के लिए लिख रही हूं जो जमीनी स्तर पर हुई हैं, जैसा कि कल के पत्र के सार्वजनिक डोमेन में आने के बाद हमारे स्वयंसेवकों द्वारा बताया गया है। इससे पहले आतिशी ने चुनाव अधिकारी को पत्र लिखकर रमेश बिधूड़ी के भतीजे और कालकाजी विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ शिकायत की थी। आतिशी ने आरोप लगाया कि वे आप कार्यकर्ताओं को धमका रहे हैं। आतिशी ने एक्स पर लिखा कि कालकाजी में हार के डर से रमेश बिधूड़ी जी के भतीजे और रिश्तेदार गुंडागर्दी पर उतर आए। कल शाम को भाजपा वालों ने आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं को डराया, धमकाया और ज़ोर-ज़बरदस्ती की। कई महिला कार्यकर्ताओं के साथ भी बदतमीज़ी की।

# पहले पार्किंग, फिर कार, ट्रैफिक कंट्रोल के लिए नई पॉलिसी ला रही महाराष्ट्र सरकार

मुंबई, एजेंसी। महाराष्ट्र सरकार गाड़ियों की पार्किंग की समस्या को देखते हुए नई पॉलिसी पर विचार कर रही है। इसके तहत, कार खरीदारों को वाहन लेने से पहले पार्किंग स्पेस की जानकारी देना जरूरी होगा। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एक इंटरव्यू में कहा कि मुंबई में ट्रैफिक को कम करने की सरकार की रणनीति का यह हिस्सा है। उन्होंने कहा, हमने शहर में कई सार्वजनिक पार्किंग सुविधाएं मुहैया कराई हैं, जिन तक अब ऐप के जरिए भी पहुंचा जा सकता है। इस नीति का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि कार मालिकों के पास पार्किंग एरिया हो। चाहे वे नगर निगम से इसे खरीद रहे हों या फिर किराए पर ले रहे हों क्योंकि अंधाधुंध पार्किंग यातायात समस्याओं का बड़ा कारण है। सीएम फडणवीस ने कहा कि इस नीति को जल्द लागू किया जा सकता है। हालांकि, उन्होंने पब्लिक पार्किंग या निजी भवनों में पार्किंग उपलब्धता सुनिश्चित करने की योजना के बारे में और ज्यादा जानकारी नहीं दी। राज्य सरकार का लक्ष्य सड़कों पर पार्किंग में कमी लाना है और उन्हें पार्किंग की सुविधा देकर इस समस्या को खत्म करना है। सीएनबीसी को दिए इंटरव्यू में मुख्यमंत्री फडणवीस ने कानून और व्यवस्था के मुद्दों पर विपक्षी दलों की आलोचना को नकार दिया। उन्होंने कहा कि मुंबई भारत का सबसे सुरक्षित शहर है।



यहां खासकर एक्टर सैफ अली खान पर बांद्रा में उनके आवास पर हमले वाली घटना का जिक्र हो रहा था।

**फडणवीस ने राज्य को बताया मैग्नेटिक महाराष्ट्र :** विश्व आर्थिक मंच की सालाना बैठक में 15 लाख करोड़ रुपये का निवेश और 15 लाख संभावित रोजगार महाराष्ट्र को मिला है। इसे लेकर फडणवीस ने कहा कि वैश्विक निवेशकों को आकर्षित करने वाला सबसे प्रमुख कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति वैश्विक समुदाय का भरोसा और उनकी सरकार को मिला निर्णायक जनादेश है। फडणवीस ने अपने राज्य को मैग्नेटिक महाराष्ट्र और देश की औद्योगिक महाशक्ति के रूप में पेश किया।

# हरिनगर में गाड़ी पर हुए हमले से भड़के केजरीवाल, कहा- अमित शाह के इशारे पर दिल्ली पुलिस कर रही काम

नई दिल्ली, एजेंसी। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को हरि नगर में जनसभा के दौरान विपक्षी उम्मीदवार के सहयोगियों पर अपनी गाड़ी पर हमला करने का आरोप लगाया है. इसे लेकर अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर तीखा हमला बोला. उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस ने विपक्षी उम्मीदवार के समर्थकों को उनकी जनसभा में घुसने की अनुमति दी और इसके बाद उनकी गाड़ी पर हमला कराया. उन्होंने कहा कि ये सब केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के आदेश पर हो रहा है और दिल्ली पुलिस को बीजेपी की निजी आर्मी बना दिया गया है. केजरीवाल ने चुनाव आयोग पर सवाल उठाए हुए कहा कि लगातार हो रहे हमलों के बावजूद चुनाव आयोग कोई प्रभावी कदम नहीं उठा रहा है. केजरीवाल ने हरिनगर विधानसभा में हुई घटना को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर साझा किया. उन्होंने लिखा कि आज हरि नगर में पुलिस ने विपक्षी उम्मीदवार के लोगों को मेरी सार्वजनिक बैठक में घुसने दिया और फिर मेरी कार पर हमला किया. ये सब अमित शाह के आदेश पर हो रहा है. अमित शाह ने दिल्ली पुलिस को बीजेपी की निजी आर्मी बना लिया है. चुनाव आयोग पर बड़े सवाल उठ रहे हैं कि एक राष्ट्रीय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उसके नेताओं पर लगातार हमले हो रहे हैं और चुनाव



आयोग कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं कर पा रहा है. अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज हरि नगर में विपक्षी उम्मीदवार के लोगों को पुलिस ने मेरी जनसभा में घुसने दिया और फिर मेरी गाड़ी पर हमला करवाया. ये सब अमित शाह जी के आदेश पर हो रहा है. अमित शाह जी ने दिल्ली पुलिस को बीजेपी की निजी आर्मी बना दिया है. चुनाव आयोग पर बड़े सवाल उठ रहे हैं कि एक राष्ट्रीय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उसके नेताओं पर लगातार हमले हो रहे हैं और चुनाव आयोग कुछ भी प्रभावी कदम उठाने में असमर्थ है. संजय सिंह ने चुनाव आयोग को घेरा: आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि देश की राजधानी दिल्ली में चुनाव होने जा रहे है और चुनाव आयोग इन सब चीजों को नहीं रोक पा रहा है. चुनाव आयोग की नाक के नीचे नई दिल्ली विधानसभा में भाजपा के प्रत्याशी प्रवेश वर्मा खुलेआम लोटा, चादरें, साड़ियां और रुपए बांट रहे हैं. चुनाव आयोग से इसकी शिकायत की जा चुकी है. सबकुछ बोला जा चुका है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है. दिल्ली पुलिस और चुनाव आयोग इस मसले को लेकर आंख में पट्टी बांधे हुए हैं. पंजाब के डीजीपी गौरव यादव का कहना है कि आज दिल्ली पुलिस और चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए हमने केजरीवाल जी की सुरक्षा में पंजाब पुलिस की टुकड़ी वापस ले ली है. आप और भाजपा नेताओं के बीच आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार के दौरान कार पर हमले के ऐसे ही आरोपों को लेकर हाल ही में कई मौकों पर बहस हुई है. केजरीवाल को दिल्ली पुलिस से जेड प्लस सुरक्षा मिली हुई है, जिसके तहत उन्हें करीब 60 सुरक्षाकर्मी मिलते हैं, जिनमें निजी सुरक्षा अधिकारी, दो एस्कॉर्ट, चौकीदार, सशस्त्र गार्ड और तलाशी कर्मचारी शामिल हैं. केजरीवाल की सुरक्षा में लगी पंजाब पुलिस हटीः संजय सिंह ने कहा कि आज केजरीवाल से पंजाब पुलिस की सुरक्षा हटा ली गई. दिल्ली पुलिस ने जबरन सुरक्षा हटवाई और आज ही भाजपा के गुंडे लाठी डंडे लेकर यहां गुंडे घूम रहे हैं. चुनाव आयोग की संस्था क्या करना चाहती है? क्या प्रशासन कत्लेआम और हिंसा कराना चाहता है? ये कौन सा निष्पक्ष चुनाव हो रहा है? जब चुनाव आयोग दिल्ली में निष्पक्ष चुनाव नहीं करा सकता तो फिर कहां कराएगा।



इंडिया-इंग्लैंड टी-20:

# भारत की निगाह शमी की फिटनेस और विजय अभियान जारी रखने पर

**चेन्नई, एजेंसी।** तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की फिटनेस को चल रही चिताओं के बीच भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पहले मैच का प्रदर्शन दोहरा कर विजय अभियान जारी रखने के उद्देश्य के साथ मैदान पर उतरेगी। भारत ने बुधवार को कोलकाता में पहला मैच सात क्रिकेट से जीत कर पांच मैच की श्रृंखला में शुरुआती बढ़त हासिल की थी। भारतीय टीम निश्चित तौर पर शमी को मैदान पर उतारना चाहेगी लेकिन यह सब कुछ उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगा।

भारत को हालांकि पहले मैच में इस 34 वर्षीय तेज गेंदबाज की कमी नहीं खली। इस मैच में तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने शानदार प्रदर्शन करके भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। ईडन गार्डस की पिच से तेज और स्पिन गेंदबाजों को पर्याप्त मदद मिल रही थी लेकिन यहां चेपक स्टेडियम की पिच से स्पिनरों को और अधिक मदद मिलने की संभावना है। ऐसी परिस्थितियों में वरुण, उप कप्तान अक्षर पटेल और रवि बिश्नोई का अंतिम एकादश में बने रहना तय है।

इंग्लैंड की तरफ से अनुभवी स्पिनर आदिल रशीद और लियम लिविंगस्टोन भारतीय बल्लेबाजों के सामने चुनौती पेश करेंगे। जहां तक उसके तेज गेंदबाजों का सवाल है तो पहले मैच में अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन के सामने जोफ्रा आर्चर को छोड़कर उसका कोई भी गेंदबाज नहीं चल पाया था। अभिषेक और सैमसन ने पहले मैच में भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई थी तथा यह दोनों एक बार फिर से उसे दोहराना चाहेंगे। पिछले छह मैच में तीन शतक बनाने वाले सैमसन लंबी पारी नहीं खेल पाए थे लेकिन अभिषेक ने 34 गेंद पर 79 रन की तूफानी पारी खेली थी।

सैमसन यहां पहले मैच की भरपाई करना चाहेंगे। अभिषेक और सैमसन की सलामी जोड़ी को अगर अगले साल भारत में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपना दावा मजबूत रखना है तो उन्हें अपने प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी। इंग्लैंड भी अपने सलामी बल्लेबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करेगा। पहले मैच में फिल साल्ट और बेन डकेट दोनों ने मिलकर कुल सात गेंद का सामना करके चार रन बनाए थे। भारत को कप्तान सूर्यकुमार यादव से भी बड़ी पारी की उम्मीद होगी जो पिछले मैच में जल्दी आउट हो गए थे।

असल में सूर्यकुमार पिछले साल टी20 विश्व कप के बाद 11 पारियों में केवल दो अर्धशतक लगा पाए हैं। भारत की अपनी अंतिम एकादश में खास बदलाव करने की संभावना नहीं है। अगर शमी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के लिए फिट हो जाते हैं तो उन्हें नीतीश कुमार रेड्डी की जगह टीम में लिया जाएगा। जहां तक इंग्लैंड का सवाल है तो यहां की परिस्थितियों को देखकर वह युवा स्पिनर रेहान अहमद को अंतिम एकादश में शामिल कर सकता है।

### संभावित प्लेइंग 11:

इंग्लैंड : फिल साल्ट (विकेट कीपर), बेन डकेट, जोस बटलर (कप्तान), हैरी ब्रुक, लियाम लिविंगस्टोन, जैकब बेथेल, जेमी ओवरटन, रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद, मार्क वुड

भारतः अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेट कीपर), तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), हार्दिक पांड्या, रिंकू सिंह, नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती

**समय: मैच शाम 7 बजे शुरू होगा।**

रणजी ट्रॉफी:

# रोहित वापसी के दूसरे प्रयास में भी फेल



**मुंबई, एजेंसी।** रोहित शर्मा की रणजी ट्रॉफी में वापसी कुछ खास नहीं रही और दूसरी पारी में भी वह कमाल नहीं दिखा पाए। भारतीय कप्तान ने उमर नजीर की गेंद पर छक्का लगाया और फिर औकीब नबी तथा युद्धवीर सिंह की गेंदों पर आसानी से दो और शॉट लगाकर अपनी सर्वश्रेष्ठ पारी की झलक दिखाई। लेकिन आखिरकार 28 रन पर उनकी पारी का अंत हुआ। इस दौरान उन्होंने 35 गेंदें खेली जिसमें 2 चौके और 3 छक्के शामिल थे।

दशक में मुंबई के लिए घरेलू रेड-बॉल क्रिकेट में अपना पहला मैच खेल रहे रोहित का पहला दिन बहुत खराब रहा, जब 37 वर्षीय यह खिलाड़ी जम्मू कश्मीर के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मुकाबले के शुरुआती घंटे में 19 गेंदों पर 3 रन बनाकर आउट हो गए। शुक्रवार को रोहित ने खुद को बेहतर साबित करते हुए 28 रन की शानदार पारी खेली जो पिछले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ बेंगलुरु टेस्ट की दूसरी पारी में 52 रन बनाने के बाद प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। रोहित ने न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार मैचों में 0, 8, 18, 11, 3, 6, 3 और 9 रन बनाए हैं। अक्टूबर के मध्य में भारत विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप अंक तालिका में शीर्ष पर था और राष्ट्रीय टीम के लिए घर पूरी तरह से व्यवस्थित था। लेकिन न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया से हार के बाद यह सब बिखर गया जिसने भारतीय सुपरस्टार्स को घरेलू क्रिकेट खेलने के लिए मजबूर कर दिया।

शुक्रवार को, वह एक बड़ी पारी की तलाश में थे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। रोहित की 28 रनों की पारी में शुरुआती दौर में हिट और मिस दोनों शामिल थे जो चौथे ओवर में नजीर द्वारा छोड़े गए एक मुश्किल मौके से शुरू हुआ, जब वह अपने फॉलो थ्रू पर रिटर्न कैच नहीं पकड़ सके। रोहित ने तुरंत स्क्वायर लेग पर छक्का लगाने के लिए पुल शॉट के साथ जवाब दिया। एक मोटा बाहरी किनारा फिर गली और दूसरी स्लिप में फील्डर के बीच से उड़ गया और अंतिम गेंद पर रोहित ने जोरदार और वाइड शॉट लगाया और गेंद को ऑफ-साइड पर एक और चौका लगा दिया।

रोहित ने एक समय 11 गेंदों पर 21 रन बना लिए थे लेकिन वे ज्यादातर समय सतर्क रहे, हालांकि कुछ मौकों पर वे रन बनाने में विफल रहे।




# विराट कोहली फिर से बनेंगे आरसीबी के कप्तान?

### ये नाम भी रेस में है शामिल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु अब तक एक भी बार आईपीएल का खिताब नहीं जीत पाई है। टीम को पहले खिताब की तलाश है। विराट कोहली के बाद टीम को अब तक कोई स्थायी कप्तान नहीं मिला है।

आईपीएल 2025 में टीम का कप्तान कौन होगा यह अब तक तय नहीं है। हालांकि रेस में विराट कोहली से लेकर युवा बल्लेबाज रजत पाटीदार जैसे नाम है।

#### विराट कोहली

विराट कोहली लंबे समय तक आरसीबी के कप्तान रहे हैं। वह टीम के सबसे पुराने खिलाड़ी हैं जो कि पहले सीजन से इस फ्रैंचाइजी के साथ थे। आईपीएल में कोहली ने 143 मैचों में ऋष्टक की कप्तानी की, जिनमें से टीम 66 मौकों पर विजयी रही। RCB के कप्तान के रूप में उनका जीत प्रतिशत 46.15 है। . विराट कोहली ने आईपीएल 2022 की शुरुआत से पहले ही RCB की कप्तानी छोड़ने कि पुष्टि कर दी थी।

विराट कोहली ने अपनी मर्जी से कप्तानी छोड़ने का फैसला किया था। हालांकि मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि खिलाड़ी फिर से कप्तानी करना चाहता है।

#### रजत पाटीदार

आरसीबी अगर एक युवा खिलाड़ी पर भरोसा दिखाना चाहती है तो रजत पाटीदार के अच्छे दावेदार हैं। पाटीदार को आरसीबी की टीम ने 11 करोड़ रुपये में रिटेन किया है जो कि दिखाता है कि फ्रैंचाइजी को खिलाड़ी पर कितना भरोसा है। रजत पाटीदार को कप्तानी का भी अनुभव है। उनकी कप्तानी में मध्य प्रदेश की टीम 13 साल बाद सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल में पहुंची थी। पाटीदार ने बतौर कप्तान 15 टी20 मैच खेला है। जहां 12 मैचों में उन्हें जीत हासिल हुई है।

#### भुवनेश्वर कुमार

आरसीबी की कप्तानी की रेस में तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार भी बड़े दावेदार है। 11 साल तक हैदराबाद के लिए खेलने वाले भुवनेश्वर को इस बार रिटेन नहीं किया गया। आईपीएल मेगा नीलामी में आरसीबी ने 10.75 करोड़ रुपये में खरीदा। भुवनेश्वर कुमार के पास कप्तानी का अनुभव है। उन्होंने सनराइज़र्स हैदराबाद और उत्तर प्रदेश की टीमों की कप्तानी की है। इसके अलावा, उन्होंने रणजी ट्रॉफ़ी में भी कप्तानी की है।



# वीरेंद्र सहवाग की शादी भी टूटने की कगार पर?

**नईदिल्ली, एजेसी।** भारतीय क्रिकेटरों के लिए पिछले कुछ महीने निजी तौर पर अच्छे नहीं गुजर रहे हैं. पिछले साल हार्दिक पंड्या का तलाक हुआ था. वहीं पिछले कुछ दिनों से लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल और उनकी पत्नी धनश्री वर्मा के भी अलग होने की खबरें लगातार आ रही हैं. अब ऐसा ही बड़ा दावा पूर्व दिग्गज बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग को लेकर भी किया जा रहा है. एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सहवाग और उनकी पत्नी आरती का करीब 21 साल लंबा रिश्ता टूटने की कगार पर है और दोनों ही एक-दूसरे से अलग रह रहे हैं.

वीरेंद्र सहवाग और आरती की शादी 2004 में हुई थी लेकिन अब करीब 21 साल के बाद दोनों का रिश्ता टूटता हुआ दिख रहा है. दोनों ने ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को अनफॉलो भी कर लिया है. यहां तक कि सहवाग की हालिया पोस्ट और अपडेट्स में भी पत्नी के साथ कोई तस्वीर नहीं आई है. यहां तक कि दीवाली में भी उन्होंने सिर्फ बच्चों और मां के साथ फोटो पोस्ट की थीं, जबकि उनकी पत्नी नहीं दिखी थी.

एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सहवाग और उनकी पत्नी आरती पिछले कुछ वक्त से अलग रह रहे हैं और जल्द ही दोनों का तलाक भी होना तय है. सहवाग और आरती के दो बेटे हैं- आर्यवीर और वेदांत. उनके दोनों बेटे भी क्रिकेट में सक्रिय हैं. इतने सालों में कभी भी दोनों के रिश्ते को लेकर किसी तरह की खबरें नहीं आई थी और अक्सर दोनों साथ दिखते थे लेकिन रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि पिछले कुछ वक्त से इस रिश्ते में तनाव आ गया था, जिसके चलते अब दोनों की राहें अलग होती हुई दिख रही हैं.

### परिवार नहीं था राजी, फिर ऐसे हुई शादी

टीम इंडिया के लिए 1999 में अपना इंटरनेशनल करियर शुरू करने वाले वीरेंद्र सहवाग ने अप्रैल 2004 में आरती अहलावत से शादी की थी. दोनों की ये लव मैरिज थी, जिसको लेकर परिवारों में सहमति नहीं थी. इसकी वजह दोनों परिवारों में दूर की रिश्तेदारी थी. हालांकि किसी तरह दोनों ने अपने-अपने परिवारों को शादी के लिए राजी किया और फिर तत्कालीन केंद्रीय मंत्री रहे अरुण जेटली के आवास पर दोनों की शानदार अंदाज में शादी हुई थी. इस शादी ने खूब चर्चा बटोरी थी. उनकी शादी मुल्तान में पाकिस्तान के खिलाफ लगाए तिहरे शतक के एक महीने के अंदर हुई थी, जिसके चलते हर किसी की ओर इसका ध्यान ज्यादा था.

ऑस्ट्रेलियाई ओपनः

# नोवाक जोकोविच चोटिल, पहला सेट हारने के बाद सेमीफाइनल से हटे

**मेलबर्न, एजेंसी।** नोवाक जोकोविच चोटिल होने के कारण शुक्रवार को यहां अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल का पहला सेट हारने के बाद मैच से हट गए। जोकोविच ने पहला सेट टाईब्रेकर में 7-6 (5) से गंवा दिया था। इसके बाद



उन्होंने नेट के चारों ओर चक्कर लगाया और मैच से हटने का फैसला किया। इस तरह से ज्वेरेव फाइनल में जगह बनाने में सफल रहे। कार्लोस अल्कराज के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान जोकोविच की पांव की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। उन्होंने प्रशंसकों का आभार व्यक्त किया और उसके बाद कोर्ट से बाहर चले गए। जोकोविच ने बाद में संवाददाता सम्मेलन में अपने पैर में दर्द का जिक्र करते हुए कहा, 'यह और भी बदतर होता जा रहा था। मैं अगर पहलाा सेट जीत भी लेता तब भी मेरे लिए आगे खेलना मुश्किल होता। जोकोविच ऑस्ट्रेलियाई ओपन में 11वां और कुल 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कवायद में थे।

# राष्ट्रीय रिकॉर्ड दोबारा तोड़ना और राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक है प्रवीण का लक्ष्य

**विजयनगर (कर्नाटक), एजेंसी।** राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता ट्रिपल जम्प खिलाड़ी प्रवीण चित्रावेल महाद्वीपीय खेलों में एक बार फिर पदक जीतने को लेकर आश्वस्त हैं लेकिन उनका लक्ष्य अगले साल स्कॉटलैंड के ग्लास्गो में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतना है। प्रवीण बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 की त्रिकूद स्पर्धा में कांस्य पदक विजेता से सिर्फ तीन सेंटीमीटर पीछे रहे थे।



तमिलनाडु का यह खिलाड़ी 16.89 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ इन खेलों में चौथे स्थान पर रहा था जबकि बरमूडा के जाह-एनहाई पेरिनचीफ ने 16.92 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता था। भारत के ही एलधोस पॉल (17.03 मीटर) और अब्दुल्ला अबुबाकर (17.02 मीटर) ने इस स्पर्धा में क्रमश- स्वर्ण और रजत पदक जीता था। प्रवीण का लक्ष्य इस साल 17.37 मीटर के अपने निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार करने का है जबकि वह ग्लास्गो 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में पोडियम में शीर्ष स्थान हासिल करना चाहते हैं।

यहां इंस्पायर इंस्टीट्यूफ ऑफ स्पोर्ट्स (आईआईएस) में ट्रेनिंग कर रहे प्रवीण ने विशेष साक्षात्कार में कहा, 'मैं अब भी और अधिक उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रयास कर रहा हूं, जैसे ओलंपिक, विश्व कप, विश्व चैंपियनशिप, एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेल, सब कुछ। मैं एशियाई खेलों का पदक विजेता हूं, मैंने राष्ट्रमंडल खेलों में दो सेंटीमीटर (तीन सेंटीमीटर) से पदक गंवा दिया था। मेरे पास एशियाई इंडोर चैंपियनशिप का पदक, और युवा ओलंपिक का पदक है। उन्होंने कहा, 'मुझे यकीन है कि मैं एशियाई खेल (आइची-नागोया 2026) में पदक जीतूंगा लेकिन मैं राष्ट्रमंडल खेलों (2026 में) में स्वर्ण पदक जीतना चाहता हूं, निश्चित रूप से राष्ट्रमंडल खेलों की वजह से मैं अब भी ठीक से सो नहीं सकता।

राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन स्कॉटलैंड के ग्लास्गो में 23 जुलाई से दो अगस्त 2026 तक किया जाएगा जबकि आइची-नागोया 2026 एशियाई खेल जापान में 17 सितंबर से चार अक्टूबर क होंगे। तेइस साल के प्रवीण ने कहा कि इस वह 2025 में अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'मेरा निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 17.37 मीटर है, यह एक राष्ट्रीय रिकॉर्ड है इसलिए मैं फिर से राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ना चाहता हूं।

# पूर्व क्रिकेटर मनोज तिवारी का खुलासा... 'गौतम गंभीर मुझे बिना वजह डांटते थे, गाली भी देते थे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम के मौजूदा हेड कोच गौतम गंभीर और पूर्व भारतीय खिलाड़ी मनोज तिवारी के बीच पहले भी कई बार विवाद हो चुका है। साल 2015 में दिल्ली और बंगाल के बीच रणजी ट्रॉफी मैच के दौरान दोनों के बीच काफी कहासुनी हो गई थी। मनोज तिवारी ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि यह कोई अकेली घटना नहीं थी। जब वह और गौतम गंभीर



कोलकाता नाइट राइडर्स का हिस्सा थे, उस दौरान भी कई बार ऐसी घटनाएं हुई थीं, जिसकी परिणति 2015 में हुई थी। मनोज तिवारी ने बात करते हुए कहा, 'मुझे बिना किसी कारण के डांटा जाता था।

मुझे समझ में नहीं आता था कि वह मुझे क्यों निशाना बनाते हैं। जब मैं 2010 में केकेआर (कोलकाता नाइट राइडर्स) में आया तब वह और मैं अच्छे से घुलमिल गए थे। लेकिन फिर वह अचानक मुझ पर अपना आपा खो देते थे। वह बहुत ही आहत करने वाले शब्दों का इस्तेमाल करते थे। मां-बहन की गाली देते थे। फिर, जब मैंने इसके बारे में सोचना शुरू किया, तो मुझे अहसास हुआ कि केकेआर के सभी स्थानीय लड़कों में से मैं ही एक ऐसा था जो लगातार अच्छा प्रदर्शन करता था। चूंकि मैं एक होनहार युवा था, इसलिए मीडिया मुझे तवज्जो दे रहा था। शायद यही वजह हो कि मेरे प्रति उनकी प्रतिक्रिया अच्छी नहीं होती थी।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, शनिवार 25 जनवरी 2025 | 8


कमिश्नर कार्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ ली गई। रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने कमिश्नर कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों को शपथ दिलाई।



# गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह एसएएफ ग्राउंड होगा आयोजित

## मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल प्रातः 9 बजे करेंगे ध्वजारोहण

**रीवा।** आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह पूरे जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। मुख्य समारोह एसएएफ मैदान रीवा में आयोजित किया जा रहा है। समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल सुबह 8.58 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। मुख्य अतिथि प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे। इसके बाद मुख्य अतिथि परेड का निरीक्षण करेंगे। उप मुख्यमंत्री सुबह 9.08 बजे से माननीय मुख्यमंत्री जी के गणतंत्र दिवस संदेश का वाचन करेंगे। इसके बाद समारोह में आकर्षक परेड और मार्चपास्ट किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री प्रातः 9.41 बजे शांति का संदेश देने के लिए रंगीन गुब्बारों को मुक्त गगन में छोड़ेंगे। इसके बाद मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री परेड कमाण्डरों से परिचय प्राप्त करेंगे। समारोह के मुख्य अतिथि प्रातः 9.45 बजे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों के परिजनों एवं लोकतंत्र के प्रहरियों का सम्मान करेंगे। समारोह में प्रातः 9.55 बजे मध्यप्रदेश गान का गायन होगा। समारोह में प्रातः 10 बजे से 10.35 बजे तक विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। इसके बाद समारोह में विभिन्न विभागों की आकर्षक झांकियाँ प्रदर्शित की जाएंगी। समारोह में मुख्य अतिथि प्रातः 10.40 बजे श्रेष्ठ कार्य करने वालों को पुरस्कृत करेंगे। समारोह का समापन प्रातः 11 बजे होगा। इसके बाद मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल दोपहर 12 बजे से हाईस्कूल चोरहटा में आयोजित जिला स्तरीय विशेष मध्यान्ह भोजन में शामिल होंगे। गणतंत्र दिवस की संध्या पर नगर निगम के टाउनहाल में शाम 6 बजे से भारत पर्व का आयोजन किया जा रहा है। इसमें भोपाल तथा सतना के लोक कलाकारों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

### गणतंत्र दिवस की संध्या पर शासकीय भवनों में होगी रोशनी

**रीवा।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की संध्या पर सभी शासकीय भवनों पर रोशनी की जायेगी। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सभी अधिकारियों को कार्यालय भवनों में रोशनी कराने की व्यवस्था के निर्देश दिये हैं। उन्होंने निजी संस्थानों से भी उनके भवनों में गणतंत्र दिवस में रोशनी करने का अनुरोध किया है।

## गणतंत्र दिवस की संध्या पर होगा भारत पर्व का आयोजन

### भारत पर्व में प्रस्तुत किए जाएंगे रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

**रीवा।** गणतंत्र दिवस की संध्या पर भारत पर्व का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत 26 जनवरी की शाम 6 बजे नगर निगम रीवा के सभागार में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम स्थल में हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम के तहत भारत के संविधान तथा हमारे संविधान निर्माताओं के विषय में जानकारी देने के लिए जनसम्पर्क विभाग द्वारा चित्र प्रदर्शनी भी आयोजित की जायेगी। संस्कृति विभाग द्वारा कलाकारों के दो दलों को अधिकृत किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि भारत पर्व में भोपाल के कलाकार श्री भूरा प्रजापति एवं उनके दल द्वारा देशभक्ति गीत तथा सतना की सुश्री प्रिया वर्मा एवं उनके दल द्वारा भारत पर्व में मटकी लोकनृत्य की प्रस्तुति दी जायेगी।

## गणतंत्र दिवस में सम्मानित होंगे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तथा वीर नारियाँ

**रीवा।** गणतंत्र दिवस का जिला स्तरीय समारोह एसएएफ परेड मैदान में 26 जनवरी को प्रातः 9 बजे से आयोजित किया जा रहा है। समारोह के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ध्वजारोहण करके परेड की सलामी लेंगे। समारोह में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों की वीर नारियों तथा लोकतंत्र के प्रहरियों का सम्मान किया जाएगा। इस संबंध में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने कहा है कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों की वीर नारियों, सैन्य अधिकारियों तथा लोकतंत्र के प्रहरियों को सभी एसडीएम गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने के लिए सम्मानपूर्वक आमंत्रित करें एवं अधिक आयु अथवा स्वास्थ्य कारणों से जो समारोह में शामिल न हो सकें उन्हें घर पर जाकर शॉल-श्रीफल देकर सम्मानित करें।

# ग्रामीण विकास की सहभागी प्रक्रिया में शामिल हो मेंटर्स: सीईओ जिला पंचायत



**रीवा।** जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम से सम्बद्ध मेंटर्स, विविध सामाजिक विषयों पर प्रशिक्षित है तथा ग्रामीण विकास की अवधारणा से जुड़े हुए है। यह शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में सहयोगी बन रहे है। शासन द्वारा अनेक जन कल्याणकारी कार्यक्रम व योजनाएं संचालित की जा रही है, जिसमे नागरिकों की सहभागिता की आवश्यकता है। यह उद्गार जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती सपना त्रिपाठी ने जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मेटर्स प्रशिक्षण कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर व्यक्त किये।

जिला पंचायत सभागार में जन अभियान परिषद के सम्भागीय समन्वयक प्रवीण पाठक ने कार्यशाला का विषय प्रवर्तन करते हुए बताया कि जन अभियान परिषद द्वारा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम में कार्यरत मेंटर्स के प्रशिक्षण में पीआरए, प्रशिक्षण की प्रक्रिया, इंटर्नशिप, रोल प्ले, लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टेम आदि महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षित किया जाएगा। समाजकार्य की अवधारणा एवम व्यावसायिक समाज कार्यकर्ता की भूमिका विषय पर टीआरएस कालेज के समाजकार्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अखिलेश शुक्ल ने जानकारी दी। तदुपरान्त डॉ राजेश तिवारी ने पीआरए की समग्र अवधारणा, संभाग समन्वयक प्रवीण पाठक ने सतत विकास लक्ष्य की अवधारणा पर एवम सहायक संचालक क्रिस्टोफर मिंज ने पीएम विश्वकर्मा योजना के विविध आयामो पर प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में रीवा व मउगंज ज़िलें के सभी विकासखंड के मेंटर्स ने सहभागिता की। प्रशिक्षण कार्यशाला में डॉ रोहित पटेल, परियोजना अधिकारी स्मिता खरे, विकासखंड समन्वयक अमित अवस्थी, अजय चतुर्वेदी, सुषमा शुक्ल, अनिता मिश्रा, धीरेंद्र शुक्ला, राजेश अवधिया सहित कार्यालयीन कर्मचारी व प्रतिभागियों ने भागीदारी की।

## कलेक्टर कार्यालय में ली गई मतदाता दिवस की शपथ



**रीवा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार 25 जनवरी को 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। इस दिन शासकीय अवकाश होने से 24 जनवरी को कलेक्ट्रेट कार्यालय में मतदाता दिवस की शपथ ली गई। संयुक्त कलेक्टर तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने मतदाता दिवस की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, जिला कोषालय अधिकारी पुष्पेन्द्र शुक्ला, जिला प्रबंधक ई गवर्नेंस आशीष दुबे तथा कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गणतंत्र दिवस समारोह की अंतिम रिहर्सल संपन्न

रीवा

जिले भर में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस उमंग के साथ मनाया जाएगा। मुख्य समारोह एसएएफ मैदान रीवा में आयोजित किया जाएगा। इस समारोह की अंतिम रिहर्सल एसएएफ मैदान में संपन्न हुई। रिहर्सल में सेक्रेड हार्ट स्कूल की कक्षा छठवीं की छात्रा आम्या सिंह ने ध्वजारोहण करके परेड की सलामी ली। पूर्वाभ्यास समारोह में विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।



कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तथा एडीएम सपना त्रिपाठी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक लाल, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला, नायब तहसीलदार यतीश शुक्ला तथा कार्यक्रम में शामिल पुलिस जवान तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## कमिश्नर होंगे राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह के मुख्य अतिथि

**रीवा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जा रहा है। मुख्य कार्यक्रम शासकीय कन्या महाविद्यालय रीवा के सभागार में प्रातः 11 बजे से आरंभ होगा। समारोह के मुख्य अतिथि रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद समारोह का शुभारंभ करेंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल, आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती सपना त्रिपाठी शामिल होंगी। समारोह में नए मतदाताओं को ईपिक कार्ड का वितरण किया जाएगा। समारोह में मतदाता दिवस के संबंध में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने सभी आमंत्रितों से समारोह में शामिल होने का अनुरोध किया है।

## मऊगंज में गणतंत्र दिवस पर कलेक्टर करेंगे ध्वजारोहण

**रीवा।** मऊगंज जिले में गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह परेड ग्राउण्ड कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित किया जा रहा है। समारोह के मुख्य अतिथि कलेक्टर अजय श्रीवास्तव प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण करके परेड की सलामी लेंगे। समारोह में जिला पुलिस बल, होमगार्ड, एनसीसी तथा अन्य दलों द्वारा आकर्षक परेड प्रस्तुत की जाएगी। समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री के गणतंत्र दिवस संदेश का वाचन करेंगे। समारोह में विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। समारोह में श्रेष्ठ कार्य करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। जिले के सभी नगरीय निकायों, जनपद पंचायतों, ग्राम पंचायतों तथा सभी शिक्षण संस्थानों में भी गणतंत्र दिवस समारोह पूर्वक मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस में प्रातः सभी शासकीय और अशासकीय कार्यालयों तथा शिक्षण संस्थाओं में ध्वजारोहण किया जाएगा। गणतंत्र दिवस की संध्या पर भारत पर्व का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम शाम 7 बजे से आयोजित होंगे।

### सोहागी खरीदी केन्द्र के प्रभारी तथा डॉटा इन्ट्री आपरेटर पर एफआईआर दर्ज

**रीवा।** धान उपार्जन केन्द्र सोहागी में नायब तहसीलदार त्योंथर वीरेन्द्र द्विवेदी तथा जिला प्रबंधक सहकारी बैंक ज्ञानेन्द्र पाण्डेय द्वारा 13 जनवरी को निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण में 5146.60 क्वि्टल धान कम पाई गई। इसे पोर्टल पर किसानों के खाते में तो दर्ज कर दिया गया था किन्तु खरीदी केन्द्र में धान नहीं पाई गई।

## उप मुख्यमंत्री चोरहटा हाईस्कूल में विशेष मध्यान्ह भोजन में होंगे शामिल

**रीवा।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले के सभी शासकीय प्राथमिक तथा माध्यमिक शालाओं में विशेष मध्यान्ह भोजन का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय विशेष मध्यान्ह भोजन रीवा विकासखण्ड की हाईस्कूल चोरहटा में दोपहर 12 बजे आयोजित किया जा रहा है। इसमें गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल विद्यार्थियों के साथ मध्यान्ह भोजन करेंगे। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती सपना त्रिपाठी भी इस विशेष मध्यान्ह भोजन में शामिल होंगी।

## चाकघाट में महाकुंभ यात्रियों के ठहरने के लिए बनाया गया रैन बसेरा

### रैन बसेरे में ठहरने, उपचार तथा अन्य सुविधाएं उपलब्ध

**रीवा।** प्रयागराज में महाकुंभ मेला जारी है। महाकुंभ मेले में लाखों श्रद्धालु प्रतिदिन स्नान कर रहे हैं। मध्यप्रदेश के अन्य जिलों तथा महाराष्ट्र, आन्ध्रप्रदेश एवं अन्य दक्षिणी राज्यों तथा छत्तीसगढ़ से बड़ी संख्या में श्रद्धालु रीवा होकर सड़क मार्ग से महाकुंभ के पुण्य का लाभ उठाने के लिए जा रहे हैं। तीर्थयात्रियों की भारी संख्या को देखते हुए चाकघाट में जिला प्रशासन द्वारा रैन बसेरे की व्यवस्था की गई है। नगर परिषद चाकघाट द्वारा बनाए गए रैन बसेरे में 200 यात्रियों के ठहरने तथा वाहनों के सुरक्षित खड़ा करने की व्यवस्था की गई है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि रैन बसेरे में यात्रियों के ठहरने, शौचालय तथा उपचार की व्यवस्था की गई है। मेडिकल टीम 24 घंटे रैन बसेरे में तैनात रहती है। सुरक्षा के लिए पुलिस बल तथा अन्य व्यवस्थाओं के लिए नगर पंचायत के कर्मचारी तैनात किए गए हैं। रैन बसेरे में पेयजल तथा ठण्ड से बचने के लिए अलाव की भी व्यवस्था की गई है। प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालु रैन बसेरे का निःशुल्क उपयोग कर सकते हैं। चाकघाट तक कुंभ मेले तक ले जाने वाली बसें लगातार प्रयागराज से आ रही हैं जो यात्रियों को कुंभ मेले तक सुगमता से पहुंचा रही हैं।




### जिला नजूल समिति की बैठक 27 जनवरी को

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में 27 जनवरी को जिला नजूल समिति की बैठक आयोजित की गई है। टीएल बैठक के उपरांत आयोजित बैठक में नजूल निर्वतन निर्देश के अन्तर्गत भू-आवंटन प्रकरणों में कार्यवाही एवं निर्वतन की समीक्षा की जायेगी।

## गणतंत्र दिवस पर जिला, विकासखण्ड तथा ग्राम पंचायत में होंगे समारोह

**रीवा।** जिले भर में गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिला मुख्यालय में एसएएफ मैदान में प्रातः 9 बजे मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ध्वजारोहण करके परेड की सलामी लेंगे। समारोह में मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन किया जाएगा। समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। मुख्य समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा आकर्षक झांकियों के माध्यम से विभागीय उपलब्धियों और प्रदेश में विकास को प्रदर्शित किया जाएगा। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा। जिले के सभी प्राथमिक तथा माध्यमिक स्कूलों में विशेष मध्यान्ह भोजन का आयोजन किया जाएगा। गणतंत्र दिवस की संध्या पर सभी शासकीय भवनों में रोशनी की जायेगी। गणतंत्र दिवस में प्रातः सभी शासकीय और अशासकीय कार्यालयों तथा शिक्षण संस्थाओं में ध्वज वंदन किया जाएगा। गणतंत्र दिवस की संध्या पर भारत पर्व का आयोजन किया जाएगा। इसमें रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि विकासखण्ड स्तर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। ऐसी नगर परिषदें जो विकासखण्ड मुख्यालय में स्थित नहीं हैं वहाँ नगर परिषद के अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। ग्राम पंचायत में सरपंच द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। इन समारोहों में ध्वजारोहण के बाद सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन होगा। कलेक्टर ने कहा है कि सभी संबंधित अधिकारी ध्वज संहिता का पालन करते हुए गणतंत्र दिवस में ध्वजारोहण की कार्यवाही सुनिश्चित करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यक्रम स्थल में प्राथमिक उपचार की सुविधा सुनिश्चित करें। गणतंत्र दिवस समारोह में सांसदगण, विधायकगण, महापौर, पार्षदगणों, गणमान्य नागरिकों, सैन्य व असैनिक अधिकारी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानपूर्वक आमंत्रित कर उनके बैठने की समुचित व्यवस्था की जाएगी। जो स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वयोवृद्ध हैं अथवा अस्वस्थ हैं उन्हें उनके घर जाकर सम्मानित किया जाएगा।

### रीवा के छात्र रचित मिश्रा दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह मे होंगे शामिल

**रीवा।** दिल्ली में आयोजित होने वाले 76 वें गणतंत्र दिवस समारोह में रीवा के युवा छात्र रचित मिश्रा शामिल होंगे। दिल्ली में आयोजित समारोह में शामिल होना रीवा के लिये गौरव की बात है। माडल साइंस कालेज में बीएससी द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत छात्र रचित राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े हैं। उन्हें गणतंत्र दिवस समारोह में दिल्ली में विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया है। रचित गर्व से कहते हैं कि प्रधानमंत्री जी के राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका का संकल्प हम युवा पूरा करेंगे। वह दिल्ली में आयोजित होने वाले समारोह में भाग लेने के लिये उत्साहित हैं तथा प्रधानमंत्री जी को ह्रदय से साधुवाद दे रहे हैं।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन संपन्न

रीवा

राष्ट्रीय बालिका दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में किया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा छात्राओं का सम्मान किया गया तथा बालिकाओं के अधिकार एवं वर्तमान समय में किए गए प्रयास पर समझाइश दी गई। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल ने कहा कि उन्हें नारी होने पर गर्व है। घरेलू हिंसा में हमेशा पुरुषों की गलती नहीं होती कई बार महिलाओं की भी गलतियां पाई गई है क्योंकि कुछ लोग अपने घर पर बेटी और बहू में फर्क रखते हैं जिसके कारण ऐसी सामाजिक कुरीतियों बढ़ती जा रही है। एसडीएम हुजूर वैशाली जैन ने कहा कि रियल एवं रील लाइफ में बहुत अंतर है। हमें खुद बेहतर बनना है किसी की तरह नहीं। आबकारी अधिकारी वीणा पयासी ने कहा कि बालिका का सम्मान की शुरुआत हमें स्वयं अपने घर से करनी चाहिए। सरोज गोस्वामी द्वारा बालिका सम्मान एवं भारतीय परंपरा इतिहास की जानकारी इस दौरान दी गई। गीता सेन द्वारा द्वारा बताया गया की प्राचीन काल में भी महिलाओं को समान अधिकार मिले। घरेलू हिंसा, समान पारिश्रमिक भुगतान, बाल विवाह के विषय में जानकारी दी गई।




कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास के सहायक संचालक आशीष द्विवेदी. प्राचार्य विभा श्रीवास्तव, अमरजीत सिंह, सरोज गोस्वामी, अंजना सिंह, गीता सिंह, आशुतोष द्विवेदी, एच जी आर त्रिपाठी, महेंद्र मनी द्विवेदी, देवाशीष बनर्जी, वर्षा खरे, एम के धौलपुरी अदिति अग्रवाल, रूचि तिवारी, अरविंद तिवारी, स्वाती श्रीवास्तव. क्षितिज तिवारी, रेखा चतुर्वेदी तथा दिव्या तिवारी सहित महाविद्यालय की छात्राएँ उपस्थित रहीं।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833